

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -85 जबलपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# भारत कभी भी हमला कर सकता है

## हमारी सेना हाई अलर्ट पर-पाकिस्तानी मंत्री



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का वीडियो सामने आया है। इसमें आतंकियों की गोलीबारी से बचने के लिए भागते वक्त एक युवक गिरता दिख रहा है। पहलगाम हमले को सोमवार को 6 दिन हो गए। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से आसिफ ने कहा कि ऐसे में सेना को पूरी तरह तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है। अगर हमारे अस्तित्व को सीधा खतरा हुआ तो परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया जाएगा। पाकिस्तान की सेना ने सरकार को संभावित भारतीय हमले के बारे में जानकारी दे दी है। इस बीच, सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच पीएम आवास में 40 मिनट तक मीटिंग हुई। मीटिंग की डिटेल अभी नहीं आई है। उधर, आतंकी हमले के दो और वीडियो सामने आए हैं। इसमें फायरिंग की आवाज सुनाई दे रही हैं। लोग बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। एक युवक गिरता दिख रहा है। दूसरे में फायरिंग के दौरान पर्यटक बचने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। ये दोनों वीडियो नीचे ब्लॉग में जाकर देख सकते हैं।

चीन की तरफ से पहलगाम हमले को लेकर बयान आया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान पड़ोसी हैं, दोनों देश मतभेदों को बातचीत से सुलझाएं।

वहीं, न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बीते 6 दिन में एक हजार भारतीय वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान से भारत लौट चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान गए भारतीयों को अपने यात्रा समय को कम करने के लिए कहा गया था। इसी तरह सोमवार (28 अप्रैल) तक 800 पाकिस्तानी भारत से जा चुके हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। रॉयटर्स से बात करते हुए आसिफ ने कहा कि, हमने अपनी सेना को मजबूत कर लिया है, क्योंकि अब हमला कभी भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में कुछ रणनीतिक फैसले लेने पड़ते हैं, जो ले लिए गए हैं।

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने सरकार को संभावित भारतीय हमले के बारे में जानकारी दे दी है। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं बताया कि उन्हें हमले के आसार क्यों लग रहे हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान पूरी तरह हाई अलर्ट पर है और हम परमाणु हथियारों का इस्तेमाल तभी करेंगे, जब हमारे अस्तित्व पर सीधा खतरा होगा।

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने फिर उगला जहर, कहा- भारत ने खुद मरवाए हैं हिंदू



नई दिल्ली. (आरएनएस)। खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत विरोधी जहर उगला है. सिख्स फॉर जस्टिस के प्रमुख पन्नू ने खुलकर पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है और भारतीय सेना को खुली धमकी दी है. पन्नू ने कहा कि पंजाब के रास्ते भारतीय सेना को पाकिस्तान पर हमला नहीं करने दिया जाएगा. साथ ही पाकिस्तान को पाक बताते हुए दावा किया कि सिख समुदाय पाकिस्तान के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा. पन्नू ने यह बातें आजाद डिजिटल को दिए एक इंटरव्यू में कही हैं. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा हुआ है.

## जबलपुर से 50 पाकिस्तानियों को 29 अप्रैल को छोड़ना होगा भारत, इंदौर, भोपाल में 6 को नोटिस जारी, पहलगाम हमले के बाद वीजा रद्द

जबलपुर/इंदौर. (आरएनएस)। जम्मू-काश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आए परिवारों को पाकिस्तान वापस भेजने के आदेश जारी किए गए है. जिसके चलते आज इंदौर से तीन पाकिस्तानियों को नोटिस दिया गया है. इसी तरह जबलपुर में रुके 50 पाकिस्तानियों को भी नोटिस जारी किया गया है, उन्हे 29 अप्रेल मंगलवार को भारत छोड़ना होगा. इससे पहले भोपाल में तीन लोगों को नोटिस जारी किए गए थे. पहलगाम हमले के बाद 23 अप्रेल को पाकिस्तानी नागरिकों के 14 कैटेगरी के वीजा रद्द कर दिए गए थे, जिसमें मेडिकल वीजा को छोड़ अन्य सभी 13 कैटेगरी के वीजाधारकों को 27 अप्रेल तक भारत छोड़ने के आदेश जारी किए थे. इसके बाद भी मध्यप्रदेश में 228 पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित किया गया था. इंदौर में पुलिस ने तीन लोगों को चिन्हित किया जिन्हे पुलिस द्वारा पाकिस्तान भेजा जा रहा है. पाकिस्तान से एक भी नागरिक मेडिकल वीजा पर इंदौर नहीं आया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यहां पाकिस्तान की कई लड़कियां शादी करके आई हैं वे इंदौर में ही रह रही हैं. जिनके पास लांग टर्म वीजा है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है. पाकिस्तान से आने वाले सभी कैटेगरी के लोगों को चिन्हित कर लिया गया है. शॉर्ट टर्म वीजा की अलग-अलग कैटेगरी में यहां 18 पाकिस्तानी नागरिक आए हुए हैं. इनमें से तीन ऐसे हैं जो भारत



सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के तहत हैं. इन तीनों को नोटिस जारी कर दिया है. इसकी सूचना विदेश मंत्रालय को भी दे दी है. वहां से निर्देश मिलने के बाद आगे की कार्रवाई या तीनों की गिरफ्तारी की जाएगी. मेडिकल वीजा वालों के लिए 29 अप्रेल तक का समय है. इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे.

**भोपाल में 3 पाकिस्तानियों को नोटिस जारी, छोड़ना होगा भारत-**

इसी तरह पुलिस भोपाल में रह रहे तीन पाकिस्तानी नागरिकों को नोटिस जारी किया है. यदि वे नोटिस पर अमल नहीं करते है उनपर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी.

**जबलपुर में भी 50 को जारी किए गए है नोटिस-**

जबलपुर पुलिस ने भी आदेश को गंभीरता से लेते हुए यहां पर रुके 50 पाकिस्तानियों को नोटिस जारी किए है. उन्हे 29 अप्रेल मंगलवार को भारत छोड़ना होगा.

## राजद के कैंडल मार्च में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

### बीजेपी बोली- ये दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक

बिहार (आरएनएस)। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश गुस्से में है। विपक्षी दलों ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया है। वह लगातार कैंडल मार्च लिकाल रहे हैं। हालांकि, बिहार के लखीसराय में राजद द्वारा निकाले गए कैंडल मार्च विवादों में आ गया है। कैंडल मार्च का नेतृत्व राजद के जिला अध्यक्ष काली चरण दास ने किया। इस मार्च के दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य को गिरफ्तार कर पार्टी से निकाल दिया गया, क्योंकि उन पर आरोप है कि उन्होंने कश्मीर में पर्यटकों पर हुए हालिया आतंकवादी हमले के विरोध में बिहार के लखीसराय में मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। वीडियो में सीपीआई नेता कैलाश प्रसाद उर्फ ??इंजीनियर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद आरजेडी और सीपीआई के अन्य कार्यकर्ता भी नारे लगा रहे हैं।



विवाद तब शुरू हुआ जब एक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित किया गया, जिसमें दावा किया गया कि राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि, पुलिस ने कहा कि वीडियो के विश्लेषण से पता चला है कि एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए नारे को लूप करके यह धारणा बनाई गई थी कि यह नारा बार-बार लगाया जा रहा है। लखीसराय के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि पूरे कार्यक्रम में लगाया गया मुख्य नारा पाकिस्तान मुर्दाबाद था और यह मार्च आतंकवाद के खिलाफ एकजुट विरोध के रूप में आयोजित किया गया था।

### बुलंदशहर के खुर्जा जंक्शन पर मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे



अलीगढ़ -अलीगढ़ के मंडल सिग्नल और टेलीकॉम अभियंता अनिल कुमार ने बताया, ''मालगाड़ी पिछले दो दिन से टूंडला में खड़ी थी। यह रविवार को टूंडला से रवाना होकर खुर्जा जंक्शन पहुंची। पटरी से उतरने के कारणों की जांच की जा रही है।'' बुलंदशहर जिले में खुर्जाजंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गये। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर रविवार देर रात करीब एक बजे हुई।

## भारत की पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक, 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स बैन

### बीबीसी को चेतावनी; मोदी-राजनाथ की आपात बैठक, आतंकियों के ठिकानों पर रेड



नई दिल्ली/पहलगाम।(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए हैं। सोमवार को केंद्र सरकार ने 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनलों को बैन कर दिया। इनमें पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज जैसे बड़े नाम शामिल हैं। सरकार का आरोप है कि ये चैनल भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी व भ्रामक खबरें फैला रहे थे।

सरकार ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन को भी चेतावनी दी है। दरअसल, पहलगाम हमले की रिपोर्टिंग के दौरान ने आतंकियों को उग्रवादी करार दिया था, जिससे सरकार ने सख्त ऐतराज जताया। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की सिफारिश पर की गई है।

**प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की 40 मिनट लंबी बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच एक अहम बैठक हुई, जो करीब 40 मिनट चली। बैठक में रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को पहलगाम हमले की पूरी जानकारी दी और आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि, 15 ठिकानों पर छापेमारी**

इस बीच, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया, जिसमें पहलगाम में मारे गए 26 टूरिस्टों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के 15 ठिकानों पर रेड की है। सूत्रों के मुताबिक, ये छापे उन आतंकियों के संभावित ठिकानों पर मारे गए हैं जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से ऑपरेट कर रहे हैं और जिनके तार पहलगाम हमले से जुड़े हो सकते हैं।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी इस हमले की जांच कर रही है। भास्कर को सूत्रों ने बताया कि आतंकी हमले से पहले रेकी के लिए चाइनीज ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। एजेंसियों को शक है कि हथियारों की सप्लाई में भी ड्रोन का उपयोग हुआ। सूत्रों के अनुसार, हमले के बाद आतंकियों के पुलवामा या अनंतनाग की ओर भागने की आशंका जताई जा रही है, जहां हमले के तुरंत बाद संदिग्ध गतिविधियां देखी गई थीं।

## पाकिस्तान अगर पीओके नहीं देता, तो भारत को युद्ध की घोषणा करनी चाहिए-अठावले




नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि अगर पाकिस्तान पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को सौंपने से इनकार करता है तो भारत को उसके खिलाफ युद्ध की घोषणा कर देनी चाहिए, क्योंकि जब तक यह क्षेत्र पाकिस्तान के पास रहेगा, आतंकवादी गतिविधियां जारी रहेंगी।

रविवार को लोनावाला में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर में हुए इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। आठवले ने पड़ोसी देश के खिलाफ एक और सर्जिकल स्ट्राइक का आह्वान करते हुए कहा,

## भारत के साथ युद्ध न हो...पीएम शहबाज को भाई नवाज ने दी खास नसीहत

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ को कश्मीर के पहलगाम इलाके में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम



नवाज के साथ जति उमरा में नवाज से उनके पारिवारिक आवास पर मुलाकात की। बैठक के दौरान शहबाज ने अपनी सरकार के रुख को रेखांकित किया और किसी भी आक्रमण का अधिक बल के साथ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की तत्परता पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार, शहबाज शरीफ ने पहलगाम आतंकी घटना को क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भारतीयों द्वारा किया गया एक और झूठा अभियान बताया। उन्होंने आगे कहा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के एकतरफा फैसले ने क्षेत्र में युद्ध के जोखिम को बढ़ा दिया है। शांति के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। पीएमएल-एन के एक अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया कि नवाज शरीफ ने सरकार को दोनों परमाणु-सशस्त्र देशों के बीच शांति बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध राजनयिक संसाधनों का उपयोग करने की सलाह दी। पूर्व पाक पीएम ने कथित तौर पर आक्रामक रुख अपनाने के बारे में संदेह व्यक्त किया, इसके बजाय कूटनीतिक प्रयासों का पक्ष लिया। भारतीय पक्ष में भारतीय सेना उन सभी लोगों को गिरफ्तार कर रही है जो निर्दोष भारतीय नागरिकों को मारने वाले सभी आतंकवादियों से संबंधित हैं।

## धार में सड़क दुर्घटना में कार सवार चार लोगों की मौत, झाबुआ से शादी में शामिल होने आ रहे थे

धार (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के धार जिले के तिरला थाना अंतर्गत इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम भलगांवड़ी में सोमवार सुबह करीब पांच से छह बजे एक कार हादसे का शिकार हो गई। यह कार मार्ग में खड़े वाहन में जा घुसी। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। साथ ही इसमें बैठे हुए चारों युवाओं की मौत हो गई। इनके शवों को निकालने के लिए पुलिस व ग्रामीणों को काफी मशक्कत करना पड़ी। जिस वाहन



से कार टकराई थी। उसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने जिला चिकित्सालय में शव का पीएम करवाकर स्वजनों को सौंप दिया है।

## ओसामु सुजुकी, पंकज उधास, सुशील मोदी... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 71 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-ढ्ढ में वर्ष 2025 के लिए 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - के लिए नामित किया गया था। मुर्मू ने सुजुकी मोटर के पूर्व प्रमुख दिवंगत ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध गायक दिवंगत पंकज उधास और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी समेत 71 प्रमुख हस्तियों को सोमवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले लोग सितारों से सजे इस समारोह में शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्देशक शेखर कपूर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डी. नागेश्वर रेड्डी, वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण, जिन्हें बलैया के नाम से भी जाना जाता है, अन्य प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में चार को पद्म विभूषण मिला - सुजुकी (मरणोपरांत), सुब्रमण्यम, रेड्डी और मलयालम लेखक एवं फिल्म निर्देशक एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत)। कुल 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## उद्योग मंदिर की तरह हैं, जिससे लाखों लोगों को मिलता है रोजगार के रूप में आशीर्वाद- डॉ. मोहन यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्योगों का निर्माण किसी मंदिर के बनने की तरह है। उद्योग ऐसे मंदिर हैं जो भगवान की तरह दर्शन जीविका का प्रसाद और आशीर्वाद देते हैं। श्रम शक्ति से लाखों व्यक्तियों को रोजी-रोटी मिलती है। आज के तकनीकी दौर में छोटे देश भी प्रगति कर रहे हैं। युद्धों से विकास में पिछड़ने वाले देश भी उद्यमशीलता से विकसित हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आज बदलते दौर का भारत देख रहे हैं, जहां कई क्षेत्रों में तीव्र प्रगति हो रही है। इंदौर ने उद्योगों के विकास का कीर्तिमान बनाया है, इंदौर आईटी क्षेत्र की राजधानी है।

इंदौर में अतुल पंचशील जैसे उद्योगपति विशिष्ट कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया प्रदेश में पाँच बड़े नगरों में इण्डस्ट्री पार्क प्रारंभ



किये जा रहे हैं। कोरिया जैसे देश जिनसे भारत का पुराना सांस्कृतिक नाता है, वे भी मध्यप्रदेश में निवेश के लिये इच्छुक हैं। आज की कॉन्क्लेव में कोरिया और जापान से भी प्रतिनिधि आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव से लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोजगार सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज के टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं। इसमें से जीआईएस-भोपाल में आईटी सेक्टर में प्राप्त 99 प्रस्तावों में से 25 प्रतिशत का आज भूमि-पूजन हुआ है, जो इस बात का द्योतक है कि हम बस वादे नहीं करते, उन्हें धरातल पर उतारकर भी दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले के बैरसिया में मोबाईल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाले प्रतिष्ठान विश्व स्तरीय अधोसंरचना का लाभ प्राप्त करेंगे। लगभग 209 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के इस मेगा प्रोजेक्ट से बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराना संभव होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बैरसिया में महत्वपूर्ण निवेश करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में सफलता मिली है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में रात दुर्गा पटैल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम शिवराजपुर माधवनगर जिला कटनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी का काम करता है वह प्रगति इंडिया में परियट आंगनवाड़ी के पास तालाब में गहरीकरण का कार्य कर रहा था तभी श्रीकांत तिवारी उर्फत्रृषि तिवारी आकर उससे पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुये लठ से हमलाकर सिर, कान , सीना होठ में चोट पहूँचा दी तथा तालाब के गहरी करण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

निगमायुक्त प्रीति यादव ने नाला-नालियों की सफाई कार्य का किया औचक निरीक्षण-नागरिकों से भी सुझाव प्राप्त करने किया संवाद

## जनहित के कार्यो में लापरवाही न बरतें स्वास्थ्य अमला - निगमायुक्त प्रीति यादव

जलप्लावन की स्थिति न बने इसके लिए मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों से की जा रही है नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई - निगमायुक्त





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा वर्षाऋतु के पूर्व शहर के सभी नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई मानव संशाधनों के साथ-साथ सभी आवश्यक प्रकार के मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर स्वास्थ्य अमले की मौजूदगी में कराई जा रही है, जिसका निरीक्षण आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त ने नागरिकों से भी चर्चा की और वर्षा जल निकास व्यवस्था के लिए सुझाव माँगे। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को हिदायत दी कि वर्षा जल निकासी की व्यवस्था से संबंधित जनहित के कार्यो में कोई लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने गंभीरता से वर्षाऋतु के पूर्व सभी नाला नालियों की उत्तमढंग से सफाई कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिये।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संभाग क्रमांक 1, 2, 4, 11 एवं 13 के बड़े नाला, नालियों एवं कजरवेंसियों के सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया गया, साथ ही संभाग क्रमांक 1 में जल प्लावन संबंधित समस्या देखकर मेडिकल के पास आम जानता से भी संवाद किया और लोगो द्वारा बताए गए सुझाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निगमायुक्त द्वारा गुप्ता टाल नाला, अवस्थी टाल नाला, भूलन नाला, मदन महल नाला, लोहिया पुल नाला, कछपुरा नाला, भड़पुरा नाला एवं रुद्राक्ष नाला आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि वर्षा पूर्व शहर के समस्त संभागों में स्थित बड़े नाला, नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई कार्य लगातार किया जा रहा है, इसके लिए मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को लगाया गया है इसके साथ-साथ बड़े नालों की सफाई कार्य के लिए 200 मशीन, 110 मशीन, 70 मशीन, डम्फर एवं ट्रेक्टर ट्रॉली आदि लगाये गए है, जिसके माध्यम से सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगातार संभागवार जलप्लावन वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर उसका त्वरित समाधान भी किया जा रहा है, जिससे कि आने वाले वर्षाऋतु के समय जलप्लावन की समस्या न हो सके। इस मौके पर उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, पोला राव, सी.एस.आई. विष्णुकान्त, राधा, प्रीतेश, एस.आई. अमन बालकिसन, अच्छैया आदि उपस्थित रहे।

## चिकित्सकों ने दी पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के चिकित्सकों ने पहलगाम की आतंकवादी घटना को मानवता की हत्या बताया है. मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गयी. जिसमें पसलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रध्दा सुमन अर्पित कर उनके सम्मान में दो मिनिट का मौन रखा गया. इस मौके पर डॉ. अजय वाधवानी के साथ ही एड. आशीष त्रिपाठी,डॉ. दीपक शुक्ला ,डॉ. अभिषेक जैन,डॉ. श्रीकान्त साहू ,एड. भावना निगम ,डा. कमल विश्वास ,डा जी एस कलचुरी,डा राजेश साहू ,डा. ए के श्रीराम ,डा एस ए ख़ान ,डा. राजेश शर्मा,डा वत्सल उपाध्याय ,डा बी के अग्रवाल ,डा. मुकेश पांडे ,डा आर के झरिया ,डा बलराम पटेल ,डा एम एम मंजूरी आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही.

### मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना की अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी राशि

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना की अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का ऑन लाइन आयोजन दिनांक 30 अप्रैल 2025 को मानस भवन स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के मिनी हॉल में किया गया है, जिसमें सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि पहुँचाई जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने उपरोक्त कार्यक्रमों के लिए अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी को नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्यक्रम स्थलों पर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए समस्त संबंधित अधिकारियों को एवं समस्त संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 01 से 16, आदि को अलग-अलग कार्यो का आवंटन कर समय के पहले सारी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

### एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा आज होंगे सेवानिवृत्त



जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के अधीक्षण अभियंता सिविल जसवंत सिंह पसरीचा 40 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 29 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### दुर्ग-लालकुआँ-दुर्ग के मध्य समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से दुर्ग-लालकुआँ जंक्शन-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 09-09 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

दुर्ग-लालकुआँ जंक्शन-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (18 सेवाएं) गाड़ी संख्या 08771 दुर्ग-लालकुआँ जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 01 मई से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दुर्ग स्टेशन से सुबह 10ः45 बजे प्रस्थान कर, कटनी मुड़वारा रात 19ः50 बजे, दमोह 21ः30 बजे, सागर 22ः40 बजे पहुँचकर, अगले दिन निजामुद्दीन सुबह 11ः25 बजे पहुँचकर,अन्य स्टेशनों से होते हुए शक्रवार शाम 17ः50 बजे लालकुआँ जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। (09 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 08772 लालकुआँ जंक्शन-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 02 मई से 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को लालकुआँ जंक्शन स्टेशन से रात 20ः20 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन निजामुद्दीन मध्यरात्रि 01ः20 बजे, सागर दोपहर 14ः00 बजे, दमोह 15ः15 बजे, कटनी मुड़वारा शाम 17ः50 बजे, पहुँचकर, अन्य स्टेशनों से होते हुए रविवार भोर 04ः00 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। (09 ट्रिप)

ठहरावः- रायपुर, उसलापुर, पेण्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, हज़रत निजामुद्दीन, गाज़ियाबाद जंक्शन, मुरादाबाद, रामपुर एवं रुद्रपुर सिटी। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर सकते हैं।

एम.पी. ट्रांसको ने सृदृढ़ की इंदौर शहर की विद्युत पारेषण व्यवस्था

## साउथ जोन में ऊर्जीकृत हुआ 50 एम.व्ही.ए.क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर शहर में गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुये, अपने 220 के.व्ही. सबस्टेशन साउथ जोन में 50 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत किया है। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर को स्थापित करने की अनुमानित लागत 315 लाख रूपये है, यह कदम इंदौर में गर्मीयों के दौरान विद्युत आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने की दिशा में उठाया गया है। इस अतिरिक्त व्यवस्था से इंदौर शहर के लगभग 50 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत् बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी। इन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा ः- एम.पी. ट्रांसको इंदौर के अधीक्षण अभियंता श्री जयेश चौपड़ा ने जानकारी दी कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से 220 के.व्ही. सबस्टेशन साउथ जोन की कुल क्षमता बढ़कर 906 एम.व्ही.ए. की हो गई है। यह प्रदेश में इंदौर क्षेत्र के पीथमपुर सबस्टेशन के साथ ऐसा दूसरा सबस्टेशन है जहां 132/33 के.व्ही क्षमता के 5 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है। श्री चौपड़ा ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको की इस नई व्यवस्था से इंदौर के राजेन्द्र नगर, नवलखा, डेली कालेज, पीथमपुर, पब्लिस पागा, राउ, सब्जी मंडी क्षेत्रों को लाभ होगा। इंदौर शहर की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में बढ़ोतरीः- इस पावर ट्रांसफार्मर के स्थापना के बाद इंदौर शहर की कुल ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी में भी बढोतरी हुई है जो अब बढ़कर 3336 एम.व्ही.ए. की हो गई है। इंदौर शहर में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 400 के.व्ही. के एक सबस्टेशन इंदौर, 220 के.व्ही. के तीन सबस्टेशन साउथ जोन इंदौर, इंदौर ईस्ट बिचौली, मांगलिया तथा 132 के.व्ही. के आठ सबस्टेशन सत्यसांई, इलेक्ट्रिानिक्स कॉम्पलेक्स, निरंजनपुर, राउखेडी, महालक्ष्मी नगर जी.आई.एस, इंदौर पश्चिम, (नवदापंथ) तथा राऊ एकस्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है, जिनकी कुल क्षमता 3336 एम.व्ही.ए. की है। एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसफारमेशन कैपेसिटी हुई 82011 एम.व्ही.ए.ः- मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) अपने 417 सब स्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है। इस क्षमता वृद्धि से मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की कुल ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर 82011 एम.व्ही.ए. की हो गई है जिसमें 132 के.व्ही. में 36541 एम.व्ही.ए., 220 के.व्ही. में 33590 एम.व्ही.ए. एवं 400 के.व्ही. में 11880 एम.व्ही.ए. क्षमता शामिल है। प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के कुल 1029 पावर ट्रांसफार्मर क्रियाशील है।

### ऑपरेशन अमानत-यात्रियों की सुरक्षा में आरपीएफ का सराहनीय कदम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बलने ऑपरेशन अमानत अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान खासतौर पर यात्रा के दौरान खोए हुए सामान की तलाश और उसे सही मालिक तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया गया है। इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल,पश्चिम मध?य रेल द्वारा इस अभियान के तहतवर्ष 2025, में 24 अप्रैल तक276यात्रियों केखोए हुए सामान किमत 49 लाख 07 हज़ार 294 रूपये बरामद कर वापस लौटाया गया हैं।

मुख्य पहलः- 1) समानों की सूचीबद्धता और प्रबंधनः-रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में खोए हुए सामान को सही तरीके से दर्ज किया जाता है। रेल सुरक्षा बल,पश्चिम मध?य रेल ने वर्ष 2025 में 24 अप्रैल तक लगभग 276यात्रियों केखोए हुए सामान किमत 49,07,294 रूपये बरामद किया है,जिनमें बैग,लैपटॉप,मोबाइल फोन, घड़ियाँऔर अन्य मूल्यवान सामान उनके मालिकों तक पहुँचाया है। 2) सुरक्षित वापसीः-खोए हुए सामान को उसके असली मालिक तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली बनाई गई है। यात्रियों को उनकी खोई हुई वस्तु की जानकारी दी जाती है,और उन्हें सामान को प्राप्त करने के लिए स्टेशन पर बुलाया जाता है। 3) जन जागरूकताः-यात्रियों को उनके सामान के खोने से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।ऑपरेशन अमानत अभियान सेआरपीएफयह सुनिश्चित कर रहा है कि यात्रियों का खोया हुआ सामान सुरक्षित रूप से वापस उन्हें मिल सके और रेलवे यात्रा के अनुभव को और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

## देश के लिए शस्त्र बनाने वाले कर्मचारियों ने किया पहलगाम के शहीदों का स्मरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जीसीएफ यानि तोप गाड़ी निर्माणी के कर्मचारियों ने पहलगाम में आतंकवाद का शिकार बने लोगों को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी. तोप गाड़ी निर्माणी के समस्त यूनियन एसोसिएशन द्वारा शहीद हुए वीर सपूतों को औद्योगिक कैंटीन में श्रद्धांजलि देने शोक सभा आयोजित की गई. मजदूर संघ हथोड़ा कार्य समिति सचिव अमित चंदेल, जेसीएम स्टाफ साइड लीडर अजय रजक

श्रमिक संघ मिले हाथ के महामंत्री राकेश कुमार, मजदूर संघ हथोड़ा के सचिव जेसीएम काउंसिल उत्तम विश्वास,राजा पांडे, बीरबल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, रितेश बैन, राजेश कुमार भारती, आशीष विश्वकर्मा, अमरेश, सैकत बनर्जी, कृष्ण कुमार शर्मा, लक्ष्मी पटेल,अभिषेक साहू, इंटक के सिद्धार्थ, श्रमिक सेवा संघ के जमुलकर,नॉन गैजेटेड ऑफिसर संघ अध्यक्ष असाटी जी, शरद बोरकर सुजीत, मनीष चौरसिया, किशोर कुमार, रविंद्र कनौजिया आदि ने पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि यह हमला इंसानियत को शर्मसार करने वाला है. दोषी आतंकवादियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए.

हितकारिणी लॉ कॉलेज में डिजिटल अरेस्ट विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन

## भय, लालच से बचाव यानि डिजिटल फ्रॉड से बचाव- एस.पी. उपाध्याय





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जहां तकनीक ने हमें जोड़ने का काम किया है वहीं इसी तकनीक के माध्यम से अपराध भी नए रूप में हमारे सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय में डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनायें तेजी से देखने को मिल रही है। इसमें हैकर खुद को पुलिस या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर, लोगों को वीडियो कॉल या अन्य माध्यमों से डराकर पैसे ऐंठते हैं। हैंकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर बुलिंग आदि दिखने में तो सामान्य डिजिटल अपराध हैं लेकिन इसके परिणाम बहुत गंभीर होते हैं। भय और लालच दिखाकर लोगों को साइकोलॉजिकली अरेस्ट कर ये अपराध किया जा रहा है। उक्त बातें हितकारिणी विधि महाविद्यालय में डिजिटल अरेस्ट विषय पर आयोजित नेशनल सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने कहीं। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने हाल में घटित कई केस हिस्ट्री का जिक्र करते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट और क्राइम हमारे जीवन की निजता, धन और सामाजिक प्रतिष्ठा पर सीधा अटैक करता है। इनसे मुकाबला करने के लिए जागरूकता, सावधानी और साइबर कानूनों के समझ की जरूरत है । मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो राजेश वर्मा ने कहा कि साइबर स्पेस जितना खुला है, उतना खतरनाक भी। जिम्मेदारी और सर्तकता से काम करते हुए ही हम सुरक्षित रह सकते हैं।

हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वमोहन ने कहा कि दिनोंदिन साइबर क्राइम का दायरा बढ़ता जा रहा है। विधि और पुलिस जगत के लोगों के लिए ऐसे अपराधों से निपटना एक चैलेंजिंग काम है। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाना जरूरी है।

इसके अलावा रादुविवि विधि विभाग के प्रो अश्विनी जायसवाल, हितकारिणी सभा विद्या परिषद के सचिव एड जयेश राठौर, हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालॉजी की प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया ने डिजिटल अरेस्ट और उससे बचाव के तरीकों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर डिजिटल अरेस्ट विषय पर आधारित शोध छात्राओं की एक मैग्जीन का भी विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया, सचिव बाबू विश्वमोहन, विद्या परिषद के सचिव एड जयेश राठौर, महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष एड अशोक गुप्ता, प्राचार्य डॉ विकाश सिंह, उप प्राचार्य डॉ भावना वर्मा, डॉ रिंकू कथूरिया, डॉ नीलेश पांडे सहित मोनिका सिंह, यामिनी मिश्रा, अभिषेक नेमा, प्रशांत वर्मा, जॉली जैन, अष्विनी दोशी, राजेश सेन, शिवांगी गोलछा, स्वाति यादव, लोकेद्र सिंह, देवेंद्र पांडे, कीर्ति कोरी, नवीन जैन, उमेश गुप्ता, रामबाबू सहित स्टाफ और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।



## नृत्य वन्दनम आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नृत्यांजलि कला अकादमी कलावृक्ष गुरुकुल द्वारा विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में नृत्य वन्दनम का आयोजन नृत्यांगना कामना नायक के संयोजन में आज 29 अप्रैल को शाम 6 बजे से कला वीथिका में किया गया है। समारोह में भरतनाट्यम, कत्थक, ओडिसी नृत्य की उत्पत्ति एवं उसकी संरचना का ज्ञान भी दिया जाएगा।अरुक्षा नायक ने कला प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर- थाना हनुमानताल मे मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को इंद्रपाल चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प ने बताया कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 6 बजे वह सिंधी केम्प बाबू होटल के सामने चाय की होटल मे चाय पी रहा

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की बड़े विस्तार की योजना

नोकंट्रोल ब्रांड के तहत लॉन्च करेगा बेवरेज और एरेटेड ड्रिंक्स की विविधित रेंज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एनएसई और बीएसई लिस्टेड (एनएसईः ) (बीएसईः 541418) नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी (कैंडिड फ्रूट्स), ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को 'नोकंट्रोल' ब्रांड नाम से लॉन्च करेगी।

रणनीतिक रूप से नागपुर में स्थित अपने मुख्यालय के साथ—जिसे भौगोलिक रूप से भारत का हृदय माना जाता है—कंपनी को राष्ट्रव्यापी कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में लॉजिस्टिकल लाभ प्राप्त है।



भोपाल -जगद्गुरु आदि शंकराचार्य के जन्मोत्सव पर आचार्य शंकर प्रकटोत्सव - एकात्म पर्व का भव्य आयोजन 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक पवित्र तीर्थ ओंकारेश्वर एकात्म धाम परिसर में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एकात्म पर्व को एक दिव्य, सांस्कृतिक और बौद्धिक महाकुंभ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकात्म पर्व का उद्देश्य भारत के प्राचीन सनातन ज्ञान और अद्वैत वेदान्त की सार्वभौमिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाना

### सिंधी समाज ने संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए स्वयं को पुनः स्थापित किया

## हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी से जुड़ी है-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे देश की पहचान सिंधु घाटी सभ्यता और सिंधु नदी से जुड़ी है। प्राचीन काल में विकसित सिंधु घाटी सभ्यता आज भी पूरे देश को गौरवान्वित करती है। सम्राट दाहिर सेन का अपनी धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष आज भी हमें प्रेरणा और साहस प्रदान करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध हैं। भोपाल, संत हिरदाराम की पुण्य भूमि है, संत परम्परा के अनुसार हम जियो और जीने दो के सिद्धांत में विश्वास करते हुए प्राणी मात्र से प्रेम के भाव का व्यवहार में भी निवर्हन करते हैं। सिंधी समाज ने इन मूल्यों का पालन करते हुए अपने धर्म और संस्कृति की सरक्षा के लिए अपना घर-परिवार और व्यापार छोड़ा। संघर्ष और चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी कर्मठता और आत्मविश्वास से उन्होंने स्वयं को पुनः स्थापित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंधु भवन में आयोजित चेतीचांद महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपनी क्षमता, योग्यता और निरंतर मेहनत से सिंधी समाज ने व्यापार और उद्योग जगत में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में निरंतर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग स्थापना और व्यापारिक गतिविधियों के संचालन के लिए नीतियों और प्रकियाओं को सरल और सुगम किया गया है। प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। व्यापार और उद्योग रोजगार उपलब्ध कराने का प्रमुख माध्यम है। अन्य राज्यों तथा विदेश से भी निवेश के लिए उद्योगपतियों और व्यापारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंधी समाज के बंधुओं से प्रदेश में व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की पहल करने का आव्हान करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने राजा दाहिर सेन, संत कंवर दास और शहीद हेमू कालानी के प्रसंगों को शालेय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने, प्रदेश के सिंधी समाज की बहुलता वाले शहरों में शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थापित करने, सिंधी संग्रहालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने और सिंधी अकादमी का बजट बढ़ाने का आग्रह किया।

## एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं -एसीएस दुबे



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन को साकार करते हुए प्रदेश में आईटी और संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पहली सेक्टर आधारित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे ने मध्यप्रदेश के उभरते एवीजीसी- एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग,कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) ईकोसिस्टम विषय पर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस- 3 को ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर, इंदौर में संबोधित किया। उन्होंने एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के उद्योपतियों ने इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश की संभावनाओं/ निवेश पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र में निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एसीएस श्री दुबे ने बताया कि प्रदेश में इस उद्योग के विकास के लिए अनुकूल माहौल हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एमपीएसईडीसी श्री गुरु प्रसाद, श्री आशीष कुलकर्णी, संस्थापक, पुन्नरीयुग आर्ट विजन प्राइवेट लिमिटेड, श्री मनीष राजोरिया, पर्पल टर्टल के सह-निर्माता, श्री रेन चिलका, संस्थापक - ग्रीन गोल्ड एनीमेशन प्राइवेट लिमिटेड सहित कई उद्योगपति/निवेशक उपस्थित थे। एसीएस श्री दुबे ने कहा कि 4 नई नीतियों के लिए गाइडलाइंस का अनावरण मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में कॉन्क्लेव के दौरान किया जाएगा। एसीएस श्री दुबे ने जानकारी दी कि जीआईएस- 2025 के दौरान की गई राज्य सरकार की प्रतिबद्धताएं अब धरातल पर उतरने लगी हैं। कई नई पहलें भी आज साकार होने जा रही हैं। आज %नो-क्वेरी पोर्टल% भी लॉन्च किया गया है, जहां आवेदक बिना भौतिक दस्तावेज प्रस्तुत किए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और 30 दिनों में जवाब प्राप्त कर सकते हैं। एसीएस श्री दुबे कहा राज्य में एवीजीसी क्षेत्र के लिए 4 उन्नत प्रयोगशालाएँ स्थापित करने और एक विशेष मीडिया पार्क बनाने की भी योजना है।

### मेरा ई-केवायसी ऐप से पात्र हितग्राही खुद कर सकते हैं ई-केवायसी

## ई-केवायसी अनिवार्य, 30 अप्रैल तक जरूर करायें-मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) राशन लेने वाले सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई लाभार्थी 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी पूरी नहीं कराते हैं, तो उसे मई महीने से राशन मिलने में असुविधा हो सकती है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि हितग्राही 30 अप्रैल तक ई-केवायसी जरूर करायें।

मंत्री श्री राजपूत ने जानकारी दी कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए मेरा ई-केवायसी नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी लाभार्थी, चाहे वह वृद्ध, दिव्यांग या सामान्य व्यक्ति हो, घर बैठे अपनी और अपने परिजनों की ई-केवायसी कर सकता है। इसके लिए लाभार्थियों को अपने आधार नंबर और ओटीपी की आवश्यकता होगी।

मंत्री श्री राजपूत ने सभी राशन लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी और अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी पूरी करवा लें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया समय पर पूरी करना बहुत जरूरी है ताकि मई से राशन वितरण में रुकावट नहीं आए।

ई-केवायसी शिविरों का आयोजन

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि राशन लेने वाले हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर जिले के गांव और वार्ड स्तर पर ई-केवायसी शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में पीओएस मशीन के जरिए हितग्राहियों की अंगूठा लगाकर ई-केवायसी की जा रही है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि यह शिविर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण की प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं।

मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। टीम घर-घर जाकर इन लोगों की ई-केवायसी कर रही है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

## रीवा मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से है अग्रसर- उप मुख्यमंत्री शुक्ल




भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। बाहर जाने वाले लगभग पचास प्रतिशत जटिल रोगी अब रीवा में ही इलाज करा रहे हैं। विकसित भारत का सपना लोगों के स्वस्थ होने पर ही साकार होगा। चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार अनुसंधान से नई तकनीकों से अधिक कारगर उपचार सुविधाएं विकसित हो रही हैं। इस तरह के आयोजनों से चिकित्सकों को आपस में संवाद करने और अपने ज्ञान को बेहतर करने का अवसर मिलता है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रविवार को रीवा में तीसरी डायबीटिक फुट कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खान-पान की आदतों और जीवनशैली के कारण डायबिटीज का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण पैरों में कई तरह की जटिलता आती हैं और कई बार पैर काटने पड़ते हैं। यह कार्यशाला लोगों को जागरूक करने और रीवा में डायबीटिक फुट की प्रभावी उपचार व्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में चिकित्सकों ने समर्पण के भाव से जो संवाद किया है उसके सुखद परिणाम निकलेंगे। रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। शीघ्र ही रीवा में दो सौ बेड का कैंसर अस्पताल शुरू हो रहा है। इसमें कैंसर के उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिकतम मशीनें रहेंगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की सुविधाओं को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना से उपचार कराने में भी रीवा प्रदेश में सबसे आगे हैं।

कार्यशाला में इंडियन कोडायट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ए.पी. सूरी ने कहा कि 2009 में संस्था का गठन किया गया। डायबिटीज के कारण पैरों में कई तरह की समस्याएं आती हैं। इनका समय पर इलाज न होने पर पैर काटने तक की नौबत आ जाती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य डायबिटिक फुट के उपचार की सुविधाएं मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की है। हम दो साल तक यदि जागरूकता अभियान चलाएं तो मध्यप्रदेश को पाँच साल में डायबिटिक फुट के रोग से मुक्त कर देंगे।

## विवादों में बने विधायकों पर भाजपा सख्त,प्रदेश मुख्यालय बुलाया

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में विवादों में बने विधायकों पर भाजपा संगठन ने सख्त रवैया अपनाया है।। ऐसे विधायकों को पार्टी के प्रदेश दफ़्तर बुलाया गया है। भाजपा ने पार्टी की छवि खराब करने के मामले में शनिवार को अपने दो विधायक प्रदीप पटेल और प्रीतम लोधी के साथ ही देवास की महापौर गीता अग्रवाल, सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में तलब किया था। इनमें से मऊगंज के विधायक प्रदीप पटेल और बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार भोपाल पहुंचे। इनसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सीएम डॉ. मोहन यादव ने बात की। भाजपा संगठन ने साफ कहा है कि पार्टी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की बयानबाजी और कामों में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। सभी से पार्टी लाइन का पालन करने को कहा गया है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि बुलाने पर भी न आने को लेकर सागर महापौर को नोटिस दिया जा रहा है। वहीं महिला से छेड़छाड़, अश्लील चैट वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सतना के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वीडी शर्मा ने कहा कि कभी कोई कार्यकर्ता चाहे वह जनप्रतिनिधि हो या पदाधिकारी हो, अगर कुछ गलत बात करते हैं

## मंत्री सारंग ने बिजली नगर कॉलोनी में पार्क सहित विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 70, बिजली नगर कॉलोनी में पार्क निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। समारोह में मंत्री श्री सारंग ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से पहले नरेला विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था।

विगत वर्षों में नरेला ने अभूतपूर्व विकास यात्रा तय की है। आज प्रत्येक घर में नर्मदा जल की उपलब्धता, पक्की सड़कों का जाल, आदर्श ड्रेनेज सिस्टम और उच्च गुणवत्ता के थीम पार्क जैसे अनेक विकास कार्य क्षेत्रवासियों को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास का यह सिलसिला आगे भी तेजी से जारी रहेगा। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्डवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री श्री सारंग का बिजली नगर कॉलोनी स्थित शासकीय विद्यालय के सामने आयोजित समारोह में क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा कर और ढोल-ताशों की गूंज के बीच उनका अभिनंदन किया गया। मंत्री श्री सारंग ने क्षेत्रवासियों के प्रेम एवं समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी प्रेरणा शक्ति है।

## पाकिस्तानी झंडे को पैरों तले रौंद कर आप ने किया अपने आक्रोश का इजहार

नीमच/भोपाल (आरएनएस)। काश्मीर के पहलगाव में हुई आतंकवादी घटना की जितनी निंदा की जावे कम है और आज पूरा देश मजहब धर्म जाती से ऊपर उठकर भारतीयतता के एक रंग से ओतप्रोत होकर एक स्वर में इस आतंकी घटना का एवं आतंकवाद को पोषित करने वाले पाकिस्तान का विरोध कर शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है और भारत सरकार से मांग कर रहा है की अब पानी सर के ऊपर हो चूका है अब इंतज़ार ख़त्म कीजिये और आतंकवादियों एवं उसको पोषित करने वाले पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कीजिये। आज पहलगाव की आतंकवादी घटना को लेकर आम पार्टी ने अनोखा विरोध प्रदर्सह्न भारत माता चौराहे नीमच पर किया। जंहा पाकिस्तानी झंडे के फ्लैक्स रोड पर चिपकाकर उसे जूतों चपलो एवं आने जाने वाले वाहनों के टायरों से रोंदा गया और पाकिस्तान की भर्त्सना करते हुए जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाकर अपने आकाश का इजहार कर कड़े शब्दों में इस आतंकवादी घटना की निंदा की। पाकिस्तान का विरोध प्रदर्शन करने के बाद पहलगाव घटना में शहीद हुए भारतवासियो को केंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर परम पिता परमेश्वर से उनके लिए मोक्ष की प्रार्थना कर संकल्प लिया की अगर भारत सरकार अनुमति देती है

## 6 लाख 44 हजार 878 किसानों से 56 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी- खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 6 लाख 44 हजार 878 किसानों से 56 लाख 85 हजार 477 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 4000 करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। किसान गेहूँ उपार्जन के लिये 30 अप्रैल तक स्लाट बुक करा सकते हैं।


प्रदेश में अभी तक जिला सीहोर में 6 लाख 9 हजार 192, उज्जैन में 5 लाख 98 हजार 610, विदिशा में 4 लाख 63 हजार 658, रायसेन में 4 लाख 63 हजार 338, शाजापुर में 3 लाख 26 हजार 19, भोपाल में 3 लाख 12 हजार 598, राजगढ़ में 3 लाख 01 हजार 900, देवास में 2 लाख 64 हजार 84, नर्मदापुरम में 2 लाख 61 हजार 47, इंदौर में 2 लाख 16 हजार 494, सागर में 1 लाख 97 हजार 658, आगर मालवा में 1 लाख 64 हजार 280, सिवनी में 1 लाख 57 हजार 254, मंदसौर में 1 लाख 44 हजार 379, हरदा में 1 लाख 3 हजार 663, रतलाम में 86 हजार 565, दमोह में 85 हजार 705, नरसिंहपुर में 74 हजार 855, श्योपुर में 50 हजार 190, दतिया में 46 हजार 310, शिवपुरी में 42 हजार 812, खण्डवा में 40 हजार 149, छतरपुर में 36 हजार 501, ग्वालियर में 35 हजार 229, कटनी में 34 हजार 48, गुना में 33 हजार 200, रीवा में 31 हजार 689, जबलपुर में 30 हजार 940, अशोकनगर में 30 हजार 876, नीमच में 30 हजार 241, पन्ना में 29 हजार 433, मण्डला में 29 हजार 340, भिण्ड में 26 हजार 204, बैतूल में 21 हजार 442, झाबुआ में 21 हजार 195, मैहर में 19 हजार 643, छिन्दवाड़ा में 17 हजार 896, मुरैना में 15 हजार 60, टीकमगढ़ में 8 हजार 628, शहडोल में 2 हजार 943, खरगौन में 2595, निवाड़ी में 1557, सिंगरौली में 1370, उमरिया में 1360, डिण्डोरी में 1254, मऊगंज में 1227, सीधी 874, बालाघाट में 636, अनूपपुर में 463 अलीराजपुर 214 और पांढुर्णा में 44 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

## समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करना सरकार की जिम्मेदारी- उप मुख्यमंत्री देवड़ा




भोपाल (आरएनएस) उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़-संकल्पित है। श्री देवड़ा आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित चिकित्सा सम्मेलन दशपुरकॉन 2025 में सहभागिता कर उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों व सम्माननीय चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार, चिकित्सा शिक्षा में गुणात्मक सुधार, तकनीकी नवाचारों के समावेशन एवं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित किया है। %सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय% के भाव के अनुरूप हमारी सरकार का यह अटल एवं दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ। इससे न केवल स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण होगा, अपितु एक समृद्ध, सशक्त और विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना भी साकार होगी। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।



सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## मानसून इस बार सामान्य से बेहतर

भारत में इस बार मानसून में सामान्य से बेहतर होने की जानकारी मौसम विभाग ने दी है। मानसून के दौरान अल नीनो की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि जून-सितम्बर के दौरान 105त्न बरसात हो सकती है। भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम मानसूनी बारिश से जुड़ी अल-नीनो की स्थितियां इस बार विकसित होने की संभावना नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्से फिलहाल भीषण गरमी से जूझ रहे हैं। अप्रैल अंत से जून के दौरान भीषण गरमी पड़ने का अनुमान है जिससे बिजली ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है और पानी की कमी हो सकती है। कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बहुत महत्त्वपूर्ण है जो लगभग 42.3त्न आबादी की जीविका का आधार है। देश की जीडीपी में कृषि का योगदान 18.2त्न होता है। कुल खेती योग्य क्षेत्र का आधे से ज्यादा यानी 52त्न हिस्सा वष्रा आधारित प्रणाली पर निर्भर है। बिजली उत्पादन के अतिरिक्त वष्रा जल ही पीने और जलाशयों को भरने के लिए आवश्यक है। जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, चूंकि बरसात के दिनों की संख्या घटती जा रही है, परंतु भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं यानी थोड़े समय में जबरदस्त बारिश हो जाती है जिससे बाढ़ जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। हालांकि यह मानसून खरीफ की फसल के मुनाफिक होता है। दालें, चावल, मक्का, रागी, ज्वार, तिल, बाजरा और मूंगफली के साथ धान भी इनमें होते हैं। कुल्थी, जूट, सन, कपास आदि भी इसी मौसम की उपज हैं। बीते साल जून-सितम्बर के दौरान रिकॉर्ड औसतन 8त्न अधिक बारिश हुई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणियों में केवल 4त्न की त्रुटि होती है।

# अब पाकिस्तान का सही, पक्का और स्थाई इलाज जरूरी

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के लोकप्रिय टूरिस्ट साइट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने जिस प्रकार से धर्म पूछकर निहत्थे, निर्दोष और मासूम पर्यटकों पर गोलियों की बौंछार करके 28 हिंदुओं समेत 30 लाशें बिछा दीं, वह उनकी राक्षसी प्रवृति का परिचायक है। पहलगाम की घाटी बैसरन में बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना को अंजाम देने वाले अत्यंत निर्मम, वीभत्स और दैत्य प्रकृति आतंकवादियों को सभ्य मानव समाज के बीच रहने का कोई अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए। यही नहीं, उन्हें मानव बस्तियों और समाज से दूर घने और अंधकारपूर्ण जंगलों में भी नहीं रहने दिया जा सकता, क्योंकि यदि उन्हें वहां रहने दिया गया तो जंगली जानवरों और यहां तक कि स्वयं जंगलों का भी महाविनाश निश्चित ही हो जाएगा। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न किया जाएगा कि फिर वे कहां पर रहें... जाहिर है कि इस प्रश्न का केवल एक ही उत्तर हो सकता है, और वह है कि उनकी अधोगति को उर्ध्वगति में परिवर्तित कर उनका कल्याण कर दिया जाए। यानी उन्हें भी ऊपर भेज दिया जाए, लेकिन यह मामला इतना सहज भी नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा किया गया तो मानव अधिकारों की बात करने वाले लोग और संगठन उन राक्षसों के भी मानव आकिारों% की वकालत करना शुरू कर देंगे। इतना ही नहीं, ये उन राक्षसों के मानव आकिारों% की वकालत बेहद जोर-शोर से करेंगे ।ऐसा ये इसलिए करेंगे, ताकि उनकी आवाज दूर-दूर तक पहुंच सके, अन्यथा भारत के कोने-कोने तथा दूर देशों में बैठे इनके पैरोकारों, सहयोगियों और हमदर्दों से इन्हें पान-फूल और शाबाशियां कैसे मिल पाएंगी। वैसे, देखा जाए तो हम सब इनके कृत्यों के लिए इन्हें व्यर्थ ही बदनाम करते रहते हैं। वास्तव में, इसमें इनका कोई दोष भी नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की वकालत करना तो हमेशा से ही, बल्कि कहा जाए कि इनका खानदानी व्यवसाय रहा है। ...और यही कारण है कि यह व्यवसाय इनसे छुड़ाए नहीं छूटता है। जाहिर है कि पुश्तों से %मुंह की लगी% इतनी आसानी से कैसे छूटेगी भला। खैर, नहीं छूटती तो, न छोड़ें ये, हम इनके इस %मुंह की लगी% को छुड़ाने का जिम्मा ले लें, यही उचित है। तात्पर्य यह कि ये अपना कार्य (अपनी वकालत) करते रहें... आतंकवादी भी (अपनी राक्षसी प्रवृति को आगे बढ़ाने का) अपना नियत कार्य करते रहें... और हम सभी 142 करोड़ भारतवासी एकजुट होकर अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से अंजाम तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें, ताकि इनकी %मुंह की लगी% वकालत को भी सही राह दिखाई जाए और उनकी राक्षसी प्रवृति का समूल नाश भी किया जा सके। स्मरण रहे कि जब तक इनकी %मुंह की लगी% और उनकी राक्षसी प्रवृति का पूरा-पूरा हिसाब नहीं किया जाएगा, वे हमारे निहत्थे, निर्दोष और मासूम लोगों के साथ धर्म पूछ-पूछकर खून की होली यों ही खेलते रहेंगे ।पहलगाम की उस बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना के बाद से ही देश की मीडिया में और राजनीतिक मंचों पर बार-बार यह बात कही-सुनी जा रही है कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की है, जबकि सच तो यह है कि पिछले 78 वर्षों से लगातार आतंकवादी धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्याएं करते आ रहे हैं। यदि हम इसे नहीं मानते, तो समझिए कि स्वयं को झूठी तसल्ली दे रहे हैं। दरअसल, यह पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रायोजित धार्मिक (इस्लामिक) जिहाद है, जिसकी शुरूआत लगभग 32 वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ कस्बे के सरयल इलाके में एक यात्री बस से 17 हिन्दुओं को उनकी जांच-पड़ताल कर मौत के घाट उतार दिया था। कश्मीरी पंडितों के नरसंहार के बाद वह पहला सबसे बड़ा नरसंहार था। उसके उपरांत तो धर्म पूछकर और जांच-पड़ताल कर हत्याएं करने का जो सिलसिला जम्मू कश्मीर में शुरू हुआ, वह 136 नरसंहारों के बाद भी नहीं थमा है। हालाकि, वर्ष 2006 के उपरांत ऐसे नरसंहारों में थोड़ी बहुत कमी आई थी, लेकिन वर्ष 2023 में एक जनवरी की रात आतंकवादियों ने राजौरी जिले के डांगरी गांव में 07 हिन्दुओं के आधार कार्ड जांच कर मार डालने की घटना ने एक बार फिर अधिकारियों को चौंका दिया था। जम्मू-कश्मीर में हुए हिन्दुओं के कुछ अन्य बड़े नरसंहारों में 13-14 अगस्त 1993 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे में सरथल-किश्तवाड़ मार्ग पर यात्री बस से उतार कर 17 हिन्दू यात्रियों को मारना, 14 मई 1995 को दोहरी भरथ में 06 हिन्दुओं की हत्या करना, 15 जनवरी 1996 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे के बरशाला क्षेत्र में 16 हिन्दुओं की हत्या करना, 12 जनवरी 1996 को डोडा जिले के भद्रवाह कस्बे में 07 हिन्दुओं की हत्या करना, 06 मई 1996 को डोडा की रामबन तहसील के सुम्बर गांव में 17 हिन्दुओं की हत्या करना, 07-08 जून 1996 को डोडा जिले के कमलाड़ी गांव में 09 हिन्दुओं की हत्या करना, 25 जून 1996 को डोडा के सियुधार क्षेत्र में 13 हिंदुओं की हत्या करना, 07 अप्रैल 1997 को कश्मीर घाटी के संग्रामपुरा गांव में 07 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 24 सितम्बर 1997 को राजौरी जिले के सवाड़ी गांव में 08 हिन्दुओं की हत्या करना, 26 जनवरी 1998 को कश्मीर के वंदहामा गांव में 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 16 अप्रैल 1998 को डोडा के देस्सा क्षेत्र में 09 की हत्या करना, 17 अप्रैल 1998 को उधमपुर के प्राणकोट एवं ढाकीकोट गांवों में 29 लोगों की हत्या करना, 05 मई 199 को पुंछ के सुरनकोट क्षेत्र में 05 हिन्दुओं की हत्या करना और 06 मई 1998 को डोडा के देस्सा गांव में 11 सुरक्षा समिति के हिन्दू सदस्यों की हत्या करना शामिल है।

## शिवभक्त जल्द कर सकेंगे बाबा बर्फानी के दर्शन, इन डेट से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा

हिंदू धर्म में अमरनाथ यात्रा बेहद कठिन होने के साथ ही पुण्यकारी भी मानी जाती है। इस गुफा में शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बनता है, जिसको बाबा बर्फानी के नाम से जाना जाता है। ऐसे में हर साल भारी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ की यात्रा पर जाते हैं। वहीं इस बार भी जल्द ही शिवभक्त बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकेंगे। अमरनाथ में स्वयंभू शिवलिंग है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि साल 2025 में अमरनाथ यात्रा की शुरूआत कब से होने जा रही है ।हर साल अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक में इस यात्रा की तारीफ का ऐलान किया जाता है। ऐसे में इस बार 03 जुलाई 2025 से अमरनाथ की पावन यात्रा की शुरूआत हो रही है। जोकि 09 अगस्त 2025 को संपन्न होगी। वहीं अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो चुकी है। इस बार अमरनाथ तीर्थयात्रा 37 दिनों तक चलने वाली है। हिंदू शास्त्रों में इस बात की उल्लेख मिलता है कि इस गुफा में महादेव ने मां पार्वती को अमर कथा सुनाई थी। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से अमरनाथ की यात्रा और बाबा बर्फानी के दर्शन करता है, तो उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मृत्यु के बाद वह मोक्ष को प्राप्त करता है। अमरनाथ यात्रा करने और बाबा बर्फानी के दर्शन करने से व्यक्ति को 23 तीर्थों के दर्शन जितना पुण्यफल प्राप्त होता है। अमरनाथ में स्वयंभू शिवलिंग की ऊंचाई चंद्रमा के चरणों के आधार पर घटती व बढ़ती रहती है।

आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि से अमरनाथ यात्रा की शुरूआत होती है, जो पूरे सावन माह चलती है। यह यात्रा श्रावण माह की पूर्णिमा यानी की रक्षाबंधन के दिन संपन्न होती है।

## अपने देश में ही अविश्वसनीय बन चुके शहबाज शरीफ के प्रस्ताव पर भारत कैसे विश्वास करे?

शहबाज़ शरीफ़ एक तरफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान पहलगाम हमले की किसी भी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच में भाग लेने के लिए तैयार है। दूसरी ओर उनकी सेना पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षण से लेकर भारत में घुसपैठ के प्रयासों में मदद देकर अपना जिहाद आगे बढ़ा रही है।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर कड़ा रुख अपनाते हुए भारत ने पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध लगाये और आतंकवादियों को कल्पना से भी बड़े अंजाम को भुगतने की चेतावनी दी तो शहबाज शरीफ के होश उड़ गये हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह करें तो क्या करें। पहलगाम हमले के बाद से उन्होंने जो चुप्पी साध रखी थी उसे तोड़ते हुए उन्होंने कहा है कि हम घटना की जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। हालांकि देखा जाये तो जांच में मदद करने जैसे आश्वासन या नौटंकी वाले हथकंडे पाकिस्तान पहले भी अपनाता रहा है मगर असल में उसने कभी भी सहयोग नहीं किया। मुंबई हमले के दोषियों के खिलाफ सबूत बार-बार सौंपे जाने के बावजूद उसने कभी भी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की ना ही पठानकोट हमले के दोषियों को वह न्याय के कठघरे में लाया है। इसलिए पहलगाम हमला मामले में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के बयान पर कतई विश्वास नहीं किया जा सकता।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ एक तरफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान पहलगाम हमले की किसी भी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच में भाग लेने के लिए तैयार है। दूसरी ओर उनकी सेना पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षण से लेकर भारत में घुसपैठ के प्रयासों में मदद देकर अपना जिहाद आगे बढ़ा रही है। शहबाज शरीफ एक तरफ कह रहे हैं कि भारत बिना किसी तथ्य के आरोप लगा देता है तो दूसरी ओर लंदन में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे भारतीयों की गर्दन काटने का इशारा खुद पाकिस्तानी राजनयिक कर रहे हैं। एक तरफ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का यह कहना कि हमने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 90,000 जानें और 600 अरब डॉलर गंवाए तथा दूसरी ओर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का सार्वजनिक तौर पर यह स्वीकारना कि उनका देश आतंकवाद को मदद देता रहा है, दोहरेपन और मानसिक रूप से दिवालियेपन का अनुपम उदाहरण है।

### मंगलवार को जरूर करें ऋण मोचन मंगल स्तोत्र का पाठ, कभी नहीं सताएगी आर्थिक तंगी

मंगलवार के दिन ऋण मोचन मंगल स्तोत्र के पाठ करने से व्यक्ति को हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वहीं इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को कर्ज की समस्या से भी राहत मिल सकती है। क्योंकि हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है।

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान को समर्पित होता है। इस दिन विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा-अर्चना और व्रत किया जाता है। ऐसे में अगर आप भी हनुमान जी की कृपा और आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो आपको मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करनी चाहिए। इस दिन हनुमान जी की पूजा के साथ चालीसा और स्त्रोत का पाठ भी करना चाहिए। इससे व्यक्ति को धन-संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिल सकती है। वहीं इस स्त्रोत का पाठ करना काफी लाभकारी माना जाता है ।मंगलवार के दिन ऋण मोचन मंगल स्तोत्र के पाठ करने से व्यक्ति को हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। वहीं इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को कर्ज की समस्या से भी राहत मिल सकती है। क्योंकि हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में वह अपने भक्तों की सभी संकट दूर करते हैं।

## कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अहम

अमित बैजनाथ गर्ग

हाल ही में भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद की ओर से एक निजी कंपनी के साथ मिलकर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के कृषि कार्यबल में 64.4 प्रतिशत महिलाएं हैं, लेकिन सिर्फ 6-10 प्रतिशत महिलाएं कृषि और इससे संबंधित शीर्ष कंपनियों में नेतृत्वकारी पदों पर हैं। रिपोर्ट ने देश के कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और शीर्ष पदों पर उनकी कम उपस्थिति के बीच गहरी खाई को उजागर किया है। रिपोर्ट कहती है कि कृषि व्यवसाय का भविष्य महिलाओं को शिक्षा, कार्यस्थलों में समावेश बढ़ाकर और नेतृत्व विकास के माध्यम से सशक्त बनाने में निहित है।

रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है कि कृषि शिक्षा कार्यक्रमों में महिलाओं का 30-40 प्रतिशत नामांकन होता है, लेकिन इनमें से बहुत कम महिलाएं औपचारिक कृषि क्षेत्र में रोजगार पाती हैं। रिपोर्ट के हवाले से विशेषज्ञों का कहना है कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की मजबूत भागीदारी और उच्च शैक्षणिक उपस्थिति के बावजूद औपचारिक रोजगार में उनकी भागीदारी नगण्य है। इसे बढ़ाने पर जोर दिया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

रिपोर्ट ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई रणनीतियां सुझाई हैं, जिनमें महिलाओं को संसाधनों तक समान पहुंच सुनिश्चित करना, महिलाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू करना और समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देकर महिलाओं को नेतृत्व के लिए प्रेरित करना शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि देश में कृषि परिदृश्य एक आश्चर्यजनक विरोधाभास प्रस्तुत करता है। महिलाएं कृषि कार्यबल और शैक्षिक समूहों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, फिर भी स्नातकों का एक बड़ा हिस्सा औपचारिक रोजगार संरचनाओं में प्रवेश नहीं कर पाता है। हमें इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के रास्ते खोजने होंगे।

असल में कृषि का नारीकरण एक जटिल और बहुआयामी प्रक्रिया है, जो कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारकों से प्रभावित होती है। कृषि में महिलाओं की पूर्ण और समान भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कृषि श्रम बल में महिलाएं महत्त्वपूर्ण अनुपात में हैं। 2010-11 की अवधि में लगभग 43 प्रतिशत किसान और 52 प्रतिशत कृषि मजदूर महिलाएं थीं। महिलाओं ने हमेशा कृषि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है, चाहे वे किसान हों या मजदूर। हालांकि उनके योगदान को अक्सर अनदेखा किया जाता है और कम करके आंका जाता है। उन्हें इस क्षेत्र में समान भागीदारी और निर्णय लेने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

### रोहिणी नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग, शोभन योग और रवि योग में मनाई जायेगी अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। इस दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहते हैं। अक्षय यानी जिसका कभी क्षय नहीं होता है। इस तिथि पर किए गए शुभ कामों से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। ग्रंथों के मुताबिक इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। इस दिन किया गया जप, तप, ज्ञान, स्नान, दान, होम आदि अक्षय रहते हैं। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया 30 अप्रैल को है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहा जाता है। हर वर्ष वैशाख शुक्ल की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाले अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग है। इस साल अक्षय तृतीया पर बेहद ही शुभ संयोग बनने जा रहा है।

## कोविशील्ड के वैक्सीनेशन का दुष्परिणाम

विनीत नारायण

बिना किसी बीमारी या चेतावनी के लगातार अचानक युवाओं की मौत क्यों हो रही है? क्या ये कोविशील्ड के वैक्सीनेशन का दुष्परिणाम है? क्योंकि कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने सर्वोच्च अदालत में अब यह स्वीकार कर लिया है कि उनके इस वैक्सीन से खून के थक्के जमने की संभावना होती है।

पिछले हफ्ते क्रिकेट खेलते एक युवा की अचानक मौत हो गई। अपने विदाई समारोह में कॉलेज में भाषण देते-देते एक 20 वर्ष की महिला अचानक मर गई। रामलीला में मंच पर हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कलाकार की अचानक मंच पर ही मृत्यु हो गई। अपने विवाह में पति के गले में जयमाल डालते-डालते नववधू मर कर गिर गई।

कोविड के बाद से पूरे देश में ऐसी मौतों की बाढ़ सी आ गई है। जिन जागरूक डॉक्टर, वकील और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कोविशील्ड वैक्सीन की क्षमता पर संदेह किया था और ये आरोप लगाया था कि बिना सही परीक्षण किए, जल्दबाजी में, प्रशासनिक दबाव बना कर जिस तरह पूरे देश में कोविशील्ड का टीकाकरण किया गया इससे लोगों की जान को भारी खतरा पैदा हो गया। मुंबई उच्च न्यायालय के वकील निलेश ओझा ने कोविशील्ड कंपनी और भारत सरकार के विरुद्ध मुंबई उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जनहित के मुकदमे करके वैक्सीन बनाने वाली कंपनी पर दबाव बनाया जिसके चलते इस कंपनी ने अपने वैक्सीन के दुष्परिणामों की संभावनाओं को अदालत में स्वीकार किया।

इससे यह सिद्ध हो गया कि ये वैक्सीन बिना परीक्षण पूरा किए ही जल्दबाजी में पूरे देश पर थोप दिया गया। इन लोगों को और देश के तमाम जागरूक लोगों को इस बात से भारी नाराजगी है कि भारत की मौजूदा सरकार, ऐसी अचानक हो रही मौतों की न तो संख्या जारी कर रही है और न ही उसके कारणों की जांच करवा रही है। इसी समूह से जुड़ी डॉ. सुसन राज जो मध्य प्रदेश के राजनंदगांव जिले में रहती हैं, उनका दावा है कि सारी मौतें कोविशील्ड वैक्सीन के कारण ही हो रही हैं।

डॉ. सुसन राज हर उस व्यक्ति को, जिसने ये टीका लगवाया था, चेतावनी दे रही हैं कि वे यथाशीघ्र अपने शरीर को 'डिटॉक्स' (विषमुक्त) कर लें जिससे कोविशील्ड वैक्सीन के संभावित दुष्परिणामों से बचा जा सके। 'डिटॉक्स' करने की ट्रेनिंग वो जूम कॉल पर दुनिया भर के हजारों लोगों को दे चुकी हैं। उनकी यह प्रक्रिया इतनी सरल है कि कोई भी व्यक्ति देश-दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न बैठा हो वो डॉ. सुसन राज से जूम कॉल पर खुद को विषमुक्त करने का तरीका सीख सकता है।

ये तकनीक बहुत सरल है और घर बैठे अपना ट्रीटमेंट किया जा सकता है। एक रोचक तथ्य यह है कि हमारे आपके सामाजिक दायरे में जिन लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन नहीं लगवाई थी वे आज भले चंगे हैं। जिन्होंने लगवाई थी उनमें से बहुत सारे लोगों को अजीबो-गरीब बीमारियां शुरू हो गई हैं। मेरे ही परिवार में मुझ समेत कई लोगों को ऐसी बीमारियां हो गई हैं जिनका कोई कारण समझ में नहीं आता। हालांकि एक पक्ष ऐसा भी है जो मानता है कि इन मौतों और बीमारियों का वैक्सीन से कोई लेना-देना नहीं है। पर ये पक्ष इन मौतों और अचानक पनप रही इन बीमारियों का कारण बताने में असमर्थ हैं। इसलिए डॉ. सुसन सबको सलाह देती हैं कि वे अपने शरीर को वैक्सीन के विष से मुक्त कर लें और स्वस्थ जीवन जियें।


डॉ. सुसन के अनुसार हमारी कोशिकाएं सात तरीकों से खुद को डिटॉक्स करती हैं। पांच रासायनिक डिटॉक्स हैं, एक यांत्रिक डिटॉक्स है और एक विद्युत डिटॉक्स है। ऑक्सीकरण और जलयोजन पांच रासायनिक डिटॉक्स में से दो हैं, जिनका उपयोग कोशिकाएं करती हैं। आमतौर पर यह सांस लेने, जूस और पानी के द्वारा किया जाता है। इन दो कार्य का समर्थन करने के लिए, हम क्या कर सकते हैं, एक घोल तैयार करें जिसमें ऑक्सीजन के 2 अणु नमक से क्लोराइड के एक अणु के साथ बंधते हैं, और इसे पानी में घोलते हैं।

यह ऑक्सीजन युक्त पानी बन जाता है, जो ऑक्सीकरण द्वारा बहुत कुशल डिटॉक्स करता है। एंटीऑक्सीडेंट भोजन, जड़ी-बूटियां और तेल हैं जिनमें प्रोटीन, विटामिन, खिनज, कार्ब्स और वसा होते हैं। ये वस्तुएं कोशिका संरचना का निर्माण करके डिटॉक्स करती हैं। एंडोक्राइन स्त्रव को मन की शक्ति द्वारा प्रबंधित किया जाता है जो विचारों में परिवर्तित होने वाली सूचनाओं और फिर सकारात्मक भावनाओं से जुड़कर अच्छा महसूस कराने वाले न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन करके बनाया जाता है, जो 90 फीसद बीमारियों को ठीक कर सकता है।

ऑटोफैगी स्वयं खाने का उपयोग करके डिटॉक्स करता है। यह उपवास में होता है। यहां वह डिटॉक्स है जिसे एकीकृत सेलुलर डिटॉक्स थेरेपी में जोड़ा जाता है। गौरतलब है कि आज कल के आधुनिक जीवन की भागदौड़ में हमारा मन और शरीर अक्सर तनाव, नकारात्मकता और अनावश्यक बोझ से भर जाता है। 'सेल्फ डिटॉक्स' एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से शुद्ध करने में मदद करती है। यह न केवल हमें तरोताजा करती है, बल्कि जीवन में स्पष्टता और संतुलन भी लाती है। सेल्फ डिटॉक्स की शुरु आत शरीर से होनी चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन और नियमित व्यायाम जरूरी है। जंक फूड, शराब और कैफीन से दूरी बनाकर शरीर को हल्का और ऊर्जावान बनाया जा सकता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां और साबुत अनाज शरीर से विषाक्त पदाथरे को बाहर निकालने में मदद करते हैं। योग और प्राणायाम भी शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

हमारा दिमाग सोशल मीडिया, नकारात्मक खबरों और अनावश्यक विचारों से भरा रहता है। मानसिक डिटॉक्स के लिए ध्यान और माइंडफुलनेस का अभ्यास प्रभावी है। अनावश्यक जानकारी से दूरी बनाएं और सकारात्मक किताबें पढ़ें। फोन और इंटरनेट से ब्रेक लेना भी मानसिक शांति देता है। नकारात्मक भावनाएं जैसे गुस्सा, ईर्ष्या या दुख हमें कमजोर बनाती हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका विवेक और सूझबूझ से लिया गया निर्णय अच्छा रहेगा तथा सभी काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। संतान संबंधी शुभ काम बनने से मन खुश रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों और कर्मचारियों की मदद से उचित व्यवस्था बनी रहेगी तथा कार्य सुचारू रूप से संपन्न होते जाएंगे।

मिथुन राशि: आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आपनी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। किसी आर्थिक समस्या का हल मिलने से सुकून रहेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज अपना स्वभाव पॉजिटिव बनाए रखेंगे। इस समय किसी भी तरह का लेन-देन करते समय सावधानी वरतें।

सिंह राशि: आज आपका दिन एक खास पल लेकर आएगा। रुपए-पैसे के मामले में किसी पर भी ज्यादा भरोसा ना करें। भावुकता और उदारता में निर्णय लेने से बचे, किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले उस पर उचित विचार विमर्श करना जरूरी है।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की कोशिश करेंगे और सफल भी रहेंगे। लेन-देन संबंधी मामला किसी की मध्यस्थता से हल करने का प्रयास करेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी ।

तुला राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। अधिक भागदौड़ वाला काम होने के बावजूद भी आप पॉजिटिव रहेंगे। आज उचित समय पर उचित निर्णय लेना फायदेमंद साबित होगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन लकी रहेगा। दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। आज अपने लक्ष्य को पूरा करने में और अधिक मेहनत करेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। जीवनसाथी की मदद कारगार हो सकती है। आँखों की समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे, आपको आराम मिलेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में आप अपना स्वाभिमान तथा आत्मबल कमजोर नहीं पड़ने देंगे। आज चुनौतियों का सामना करें तथा आर्थिक मामलों को और अधिक बढ़िया बनाने की कोशिश करें।

कुंभ राशि: आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। माता-पिता बच्चों के साथ किसी शॉपिंग मॉल में घूमने जायेंगे, जिससे उनमें बहुत उत्साह देखने को मिलेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आप हर किसी से बेहतर सामंजस्य बनाकर रखने में सफल होंगे।



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करेगी क्योंकि इसे केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है। हालांकि, अब्दुल्ला ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए। पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में प्रस्ताव पर चर्चा को समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवाद या उग्रवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए,



# जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में देंगे जवाब -योगी आदित्यनाथ

लखीमपुर खीरी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए यूपी वासियों की ओर से संवेदना और श्रद्धांजलि व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद-अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को पीएम मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया गया और देश को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया।

सीएम योगी ने सपा को घेरते हुए कहा कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो ये लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान व क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करते हैं।

लखीमपुर खीरी में शनिवार को मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास और ट्रैक्टर की चाबी आदि प्रदान की। बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजवा और पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बताते हुए कहा कि बाढ़ हो या बीमारी, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पलिया और निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता मत कीजिए, इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जल शक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किलोमीटर लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाती। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है, नदी को चैनलाइज कीजिए, ड्रेजर मंगाइए और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिए, तब बाढ़ की समस्या का समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड़ में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए। मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। यदि इसे चैनलाइज कर देंगे तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते तय करते हुए आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन-धन की हानि नहीं होगी। लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अब यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो गया, जबकि कुछ वर्ष पहले यह सपना था। दुधवा नेशनल पार्क के माध्यम से पर्यटन की संभावना भी बढ़ेगी। लखीमपुर खीरी में एयरपोर्ट हो, इसके लिए पैसा भी दिया है। एयरपोर्ट सुहेली नदी और अन्य जल प्लावन से बचे, इसका भी निरीक्षण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान, युवा व आधी आबादी डबल इंजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। सरकार ने किसानों की कर्ज माफी से कार्यों की शुरुआत की थी। हर किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमने पहले दिन से ही कहा था कि किसी को भी किसानों के शोषण की इजाजत नहीं देंगे। 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य बकाया रहता था,



पुलवामा के पहलगाम आतंकी हमले के बाद विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों द्वारा एक स्थानीय व्यक्ति के घर पर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं।



थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने श्रीनगर में 15 कोर कमांडर के साथ ब्रीफिंग में आतंकवाद विरोधी अभियानों और संघर्ष विराम उल्लंघन की समीक्षा की.

# पहलगाम हमला : सामने आया रोंगटे खड़े करने वाला नया वीडियो, पर्यटकों को गोली मारता दिखा आतंकी

पहलगाम (आरएनएस)। बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में हुए भीषण आतंकी हमले का एक नया और विचलित कर देने वाला वीडियो सामने आया है। इस हमले में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और 17 अन्य घायल हो गए थे। सामने आए इस नए वीडियो में आतंकी कायराना हरकत को अंजाम देते दिख रहे हैं।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सफेद कपड़े पहने एक पर्यटक खड़ा है, जिसके ठीक सामने काले कपड़ों में एक आतंकवादी मौजूद है। अचानक आतंकवादी सामने खड़े पर्यटक पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर देता है। गोलीबारी होते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच जाती है। लोग चीखने लगते हैं और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आते हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल जाती है।

इस नृशंस हमले के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर आतंकवादियों की तलाश कर रहे हैं और उनके ठिकानों को नष्ट करने की कार्रवाई जारी है। आतंकियों के छिपने के संभावित स्थानों, खासकर जंगली इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और उनके ठिकानों को चुन-चुनकर तबाह किया जा रहा है।

सुरक्षाबलों की कार्रवाई में अब तक कई आतंकियों के घरों को भी उड़ाया जा चुका है। इसी कड़ी में, शुक्रवार देर रात लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी एहसान अहमद के पुलवामा स्थित घर को विस्फोट कर उड़ा दिया गया। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को सेना ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में आतंकवादियों के तीन घरों को ध्वस्त कर दिया। सुरक्षाबलों का यह कदम आतंकवादियों और उनके मददगारों को कड़ा संदेश माना जा रहा है।

)पहलगाम आतंकी हमला : मारे गए लोगों की खुली थी पैंट, आतंकियों ने 'खतना' देखकर की हत्या; जांच में हुआ खुलासा

नई दिल्ली ,26 अप्रैल (आरएनएस)। पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या को अंजाम दिया। इस आतंकी हमले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच अधिकारियों ने बताया कि हमले के लगभग 20 पीड़ितों, सभी पुरुष मृतकों की पैंट खोली हुई और उनकी जिप खींची हुई पाई गई है। इससे ये प्रतीत होता है कि आतंकियों ने खतना देखकर हिंदुओं की हत्या की। अधिकारियों ने इस हमले में मारे गए सभी 26, गोलियों से छलनी शवों की पहली जांच की, जिसमें इस बात की पुष्टि हुई है कि आतंकवादियों ने उन्हें मारने से पहले पर्यटकों का विश्वास जीत लिया था और फिर गोली मारी गई थी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम ने जांच में पाया कि 26 पीड़ितों में से 20 के निचले शरीर से कपड़े जबरन उतार दिए गए थे, उनकी पैंट की ज़िप खोल दी गई थी, पैंट नीचे खींची गई थी, जिससे उनके अंडरवियर या निजी अंग दिखाई दे रहे थे।

## पहले धमकाया फिर ऑटो ड्राइवर ने विदेशी छात्रा के मुंह पर थूक दिया, वीडियो इंटरनेट पर वायरल

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में एक ऑटो रिक्शा चालक और खुद को विदेशी छात्रा बता रही एक महिला के बीच किराए के खुल्ले पैसों को लेकर हुआ विवाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस विवाद के एक वीडियो में ऑटो चालक महिला को धमकी देते और उस पर थूकते हुए नजर आ रहा है, जिस पर सोशल मीडिया यूजर्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं।

इंस्टाग्राम यूजर 'श्क्षश्हड्ड-द्ध्रद्बह्लड्डह्ल्ह' द्वारा साझा किए गए लगभग डेढ़ मिनट के वीडियो में यह घटना कैद हुई है। महिला ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है कि चेन्नई आने से पहले उसने सुना था कि यह शहर महिलाओं के लिए सुरक्षित है, लेकिन उसका अनुभव इसके विपरीत रहा। महिला का दावा है कि वह भारत में शिक्षा ग्रहण करने आई है और उसके साथ यहां मारपीट और धमकी दी गई, साथ ही उसे तिरुवनमियूर में सरेराह छोड़ दिया गया।

वायरल वीडियो के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब महिला ने ऑटो चालक को 163 रुपये के किराए के भुगतान के लिए 200 रुपये का नोट दिया और बाकी पैसे वापस मांगे। ऑटो चालक ने खुल्ले पैसे न होने की बात कहते हुए फुटकर पैसों की मांग की,



अनंतनाग के पहलगाम आतंकी हमले के बाद ध्वस्त हुए मकान के आसपास खड़े स्थानीय लोग.

## 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने झाड़ा पल्ला, दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली (आरएनएस)। 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है। अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था।

पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया

# भारत का गरीबी पर कड़ा प्रहार, गरीबों की संख्या घटकर 2.3प्रतिशत पर पहुंची, 17.1 करोड़ लोग बाहर आए

नई दिल्ली (आरएनएस)। गरीबी उन्मूलन के मोर्चे पर भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अत्यंत गरीबी की दर 2011-12 में 16त्न थी, जो अब घटकर मात्र 2.3त्न रह गई है। इस दौरान 17.1 करोड़ लोग अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। विश्व बैंक ने 2.15 डॉलर प्रतिदिन क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर अत्यंत गरीबी का आकलन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी घटाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण भारत में अत्यंत गरीबी 18.4त्न से गिरकर 2.8त्न रह गई है, जबकि शहरी भारत में यह 10.7त्न से घटकर 1.1त्न पर आ गई है। इससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच गरीबी का अंतर भी 7.7त्न से घटकर सिर्फ 1.7त्न रह गया है, जो कि वार्षिक आधार पर 16त्न की गिरावट दर्शाता है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के 3.65 डॉलर प्रतिदिन के गरीबी मापदंड पर भारत ने और भी शानदार प्रदर्शन किया है। इस आधार पर गरीबी दर 61.8त्न से घटकर 28.1त्न हो गई है, जिससे 37.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के 3.65 डॉलर प्रतिदिन के गरीबी मापदंड पर भारत ने और भी शानदार प्रदर्शन किया है।

## 5 साल बाद फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, जानें कैसे करें ऑनलाइन आवेदन

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। आस्था और रोमांच का केंद्र मानी जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल के अंतराल के बाद इस साल 30 जून से फिर से शुरू होने जा रही है। विदेश मंत्रालय इस यात्रा की देखरेख करेगा, जिसके अगस्त तक जारी रहने की संभावना है। यात्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस साल कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के दर्शन के लिए कुल 750 तीर्थयात्री 15 जत्थों में जाएंगे। इन जत्थों को दो अलग-अलग रास्तों से भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, 50-50 तीर्थयात्रियों वाले पांच जत्थे उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे से होकर यात्रा करेंगे। वहीं, 50-50 तीर्थयात्रियों के 10 जत्थे सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते कैलाश मानसरोवर के लिए प्रस्थान करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इच्छुक तीर्थयात्रियों से यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। इसके लिए मंत्रालय की वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य=//द्मद्व4.द्दश1.द्बठ्ठ पर आवेदन विंडो खोल दी गई



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में अपोस्टोलिक नन्सिएचर की अपनी यात्रा के दौरान आर्कबिशप लियोपोल्डो गिरेली से मुलाकात की.




केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डोनर), %योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सी-डॉट के सहयोग से दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) द्वारा आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम संचार सम्मेलन में भाग लिया।

# सामाजिक न्याय विभाग ने भिखारियों और बेघरों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर किया मंथन

नई दिल्ली (आरएनएस)। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने देश में भिखारियों, बेघर लोगों और निराश्रितों के पुनर्वास के लिए रणनीतियों को समझने, विचार करने और जानकारी साझा करने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया है। यह कार्यक्रम वर्ल्ड बैंक के सहयोग से राजधानी दिल्ली में आयोजित हुआ। इसका विषय था ड्ढ 'दुर्गम आबादी तक पहुंच ड्ढ एसएमआईएलई (भिक्षावृत्ति)'।

इस कार्यक्रम में देश और विदेश के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य था कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने पर बातचीत और कार्यवाही को बढ़ावा दिया जाए।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव राजेश अग्रवाल ने समावेशी विकास और दिव्यांगों तक पहुंचने के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा, 'हमें उन लोगों से सीधे बात करनी होगी जिन्होंने भीख मांगना छोड़ दिया है, ताकि हम इसकी असली वजहों और सहायता प्रणालियों के असर को समझ सकें। राजेश अग्रवाल ने यह भी बताया कि भिक्षावृत्ति की समस्या सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक कारणों से जुड़ी हुई है और इसका समाधान आसान नहीं है।

वर्ल्ड बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री बेनेडिक्ट लेरॉय डे ला ब्रिएरे ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास पते का प्रमाण, बैंक खाता और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाएं हों, तो उन्हें पहचानना और मदद पहुंचाना आसान हो जाता है। उन्होंने भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर वैश्विक दृष्टिकोण से भी चर्चा की।

उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के आयोजनों से जमीनी स्तर की सच्ची जानकारियां मिलती हैं, जो प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद करती हैं। उनका कहना था कि चर्चा का केंद्र व्यावहारिक समाधान और लक्षित मदद होनी चाहिए।

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के नोडल अधिकारी और जमीनी स्तर पर काम करने वाले संगठनों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अपने अनुभव, चुनौतियां और सफलता की कहानियां साझा कीं।

आर्थिक सलाहकार अजय श्रीवास्तव ने बताया, एसएमआईएलई पहल के तहत लगभग 18,000 लोगों की पहचान की गई है, जिनमें से 1,612 लोगों का पुनर्वास पहले ही हो चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाकी बचे लोगों के पुनर्वास की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है।



बॉलीवुड स्टार और दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने हाल ही में अपने प्रशंसकों को चोटों को ठीक करने के अपने अपरंपरागत तरीके से चौंका दिया है। द लल्लनटॉप के साथ एक साक्षात्कार में, प्रसिद्ध हेरा फेरी अभिनेता ने खुलासा किया कि घुटने की चोट से उबरने के लिए उन्होंने अपना मूत्र पिया।दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने हाल ही में राजकुमार संतोषी की फिल्म घातक की शूटिंग के दौरान घुटने की गंभीर चोट से उबरने के लिए अपनाए गए एक असामान्य उपाय के बारे में बताया। राकेश पांडे के साथ एक दृश्य के दौरान अभिनेता के पैर में चोट लग गई,



# न्यू बिगनिंग' की झलक के साथ जान्हवी कपूर ने शेयर की दिल छू लेने वाली तस्वीरें, फैंस ने बरसाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक सफेद फर वाले डॉगी के साथ खेलती नजर आ रही हैं. व्हाइट शर्ट में कैजुअल और ग्लोइंग लुक में जान्हवी का यह अंदाज़ सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत रहा है. इन तस्वीरों के साथ जान्हवी ने कैप्शन में लिखा ङ्क नई शुरुआत के लिए उत्साहित प्यारजोरहताहै स लवआदि. इन फोटोज़ में जान्हवी जिस तरह से अपने डॉगी के साथ हंसते हुए नजर आ रही हैं, वह उनके नेचर और एनर्जी को साफ़ बयां करता है.

जैसे ही तस्वीरें सामने आईं, सोशल मीडिया पर फैन्स की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई. एक यूज़र ने कमेंट किया ङ्क सफ़ेद प्यारी तो वहीं दूसरे ने लिखा ङ्क सुंदर. एक अन्य फैन ने कमेंट किया ङ्क रानी हो आप जान्हवी. इस पोस्ट को शनाया कपूर समेत कई बॉलीवुड फ्रेंड्स ने लाइक किया है, और फैंस लगातार कमेंट्स में हार्ट और फायर इमोजी से भर रहे हैं. जान्हवी की ये तस्वीरें न केवल उनकी खूबसूरती को दर्शाती हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि वह जानवरों के प्रति कितनी प्यार भरी और संवेदनशील हैं.

### फिल्म केसरी: चैप्टर 2 का कारोबार 50 करोड़ रुपये की ओर, छठे दिन हुई इतनी कमाई

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है।

हालांकि, पिछले 2 दिन से फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है। इसके बावजूद धीरे-धीरे ही सही, लेकिन भारत में इस फिल्म की कमाई 50 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।

आइए जानें केसरी 2 ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने रिलीज के छठे दिन 3.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 42.20 करोड़ रुपये हो गया है। केसरी 2 ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।

# शैतान के बाद जानकी बोदीवाला के हाथ लगी मर्दानी 3, किरदार से भी उठा पर्दा

काफी समय से अभिनेत्री रानी मुखर्जी अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइजी मर्दानी की तीसरी मर्दानी 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वह एक बार फिर पुलिस की वर्दी में धाक जमाने को तैयार हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अभिराज मीनावाला ने संभाली है।

अब मर्दानी 3 में अभिनेत्री जानकी बोदीवाला की एंट्री हो चुकी है। इसके साथ उनके किरदार से भी पर्दा उठ गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, रानी की मर्दानी 3 की स्टार कास्ट में जानकी शामिल हो गई हैं।

वह फिल्म में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।

जानकी ने साल 2024 में आई फिल्म शैतान के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने फिल्म में अजय देवगन की बेटी का किरदार निभाया था।

जानकी ने 2015 में फिल्म छैलो दिवस से अपने अभिनय करियर की शुरआती की थी।

मर्दानी 3 की रिलीज तारीख से पहले ही पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।



अभिराज मीनावाला ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, वहीं आदित्य चोपड़ा फिल्म के निर्माता हैं।

बता दें मर्दानी 22 अगस्त, 2014 में रिलीज हुई थी, वहीं फिल्म का दूसरा भाग 2019 में आया था।

फिल्म में रानी ने पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाया था। इसके निर्देशक प्रदीप सरकार थे।

### सरदार 2 के हिंदी प्रोलॉग से मचा धमाल, इंटरनेशनल मिशन पर लौटा कार्थी का दमदार अवतार

साउथ सिनेमा के पॉपुलर डायरेक्टर पी.एस. मिथरन एक बार फिर एक्शन और थ्रिल की दुनिया में तहलका मचाने को तैयार हैं। 2022 में आई सुपरहिट फिल्म 'सरदार' के बाद अब 'सरदार 2' का धमाकेदार हिंदी प्रोलॉग रिलीज हो गया है, जिसने फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। इस प्रोलॉग में हाई-ऑक्टेन एक्शन, इंटरनेशनल मिशन और कार्थी की स्वैग से भरी वापसी ने दर्शकों को पूरी तरह दीवाना बना दिया है।

पी.एस. मिथरन की स्पाई यूनिवर्स की यह दूसरी पेशकश न केवल तकनीकी तौर पर और भी मजबूत दिख रही है, बल्कि इसकी स्केल और स्टोरीलाइन भी पहले से कहीं ज्यादा ग्रैंड नजर आ रही है। प्रोलॉग से साफ है कि इस बार कहानी ग्लोबल लेवल पर खेलने वाली है, जहां खतरा और मिशन दोनों का स्तर कई गुना ज्यादा है।

कार्थी एक बार फिर अपने सबसे बेहतरीन अवतार में लौटे हैं। उनके किरदार की गंभीरता, एक्शन सीक्वेंसेस में तेजी और संवादों की धार सब कुछ दर्शकों को सीट से बांधकर रखने का दम रखते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी हर सीन को और अधिक रोंगटे खड़े कर देने वाला बनाता है। 'सरदार 2' की स्टारकास्ट भी कमाल की है ङ्क कार्थी के साथ एसजे सूर्या, मालविका मोहनन, आशीका रंगनाथ, योगी बाबू और रजिषा विजयन जैसे कलाकार इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाने वाले हैं। प्रोडक्शन की जिम्मेदारी प्रिंस पिक्चर्स और आइवी एंटरटेनमेंट ने संभाली है, वहीं डायरेक्टर मिथरन अपने विज़न से एक और मास्टरपीस लाने की तैयारी में हैं।'सरदार 2' को तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा, जिससे यह पूरे देश में एक बड़ा पैन-इंडिया इम्पैक्ट बनाने वाली है।इस फिल्म का प्रोलॉग एक झलक है उस नई जंग की, जहां देश के दुश्मनों से लड़ाई अब सीमाओं से बाहर जा चुकी है। पी.एस. मिथरन की लेखनी और निर्देशन, कार्थी की दमदार परफॉर्मेंस और इंटरनेशनल स्केल का यह मिशन 'सरदार 2' को 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बना रहा है। क्या आप तैयार हैं इस बार की सबसे खतरनाक जासूसी कहानी के लिए?

# भूल चुक माफ का नया गाना चोर बाजारी फिर से जारी, रोमांस करते दिखे राजकुमार-वामिका

अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म भूल चुक माफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान करण शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। अब भूल चुक माफ का नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज हो गया है, जिसमें राजकुमार और वामिका डांस करते दिख रहे हैं।

चोर बाजारी फिर से गाने को नीरज श्रीधर, सुनिधि चौहान, जहराह एस खान और तनिष्क बागची ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल इरशाद कामिल हैं। यह फिल्म 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण हुआ है।

फिल्म में राजकुमार ने रंजन तो वामिका ने तितली का किरदार निभाया है। सीमा पहवा इस फिल्म में राजकुमार की मां बनी हैं। सॉन्ग को लेकर राजकुमार ने कहा, चोर बजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! यह रंजन और तितली के बीच की केमिस्ट्री को बड़ी ही खूबसूरती के साथ दिखाता है। इस गाने की शूटिंग मजेदार रही। मैं म्यूजिक के साथ दर्शकों की एनर्जी और वाइब से भरे फीडबैक का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक्ट्रेस वामिका गब्बी ने कहा, चोर बजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! इसमें ड्रामा है, डांस है और हर बीट में तितली की मजेदार शरारत है। मुझे लगता है कि दर्शकों को गाने में रंजन और तितली की मस्ती पसंद आएगी। यह मजेदार है! सिंगर सुनिधि चौहान ने कहा, इस गाने में कुछ ऐसा है जो आपका ध्यान खींचता है। गाना प्ले होते ही, आप गुनगुनाने लगेंगे और अपने पैरों को थिरकने से नहीं रोक पाएंगे! मैं चोर बजारी फिर से का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। फिल्म में राजकुमार और वामिका के अलावा जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा और सीमा पाहवा लीड रोल में नजर आएंगे। इसका निर्देशन करण शर्मा ने किया है।

**बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट की कमाई में गिरावट जारी, 14वें दिन रहा ऐसा हाल**

साउथ के जाने-माने निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के निर्देशन में बनी फिल्म जाट को बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो सनी देओल हैं।

इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

अब जाट की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 1.09 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

### राजपाल यादव की फिल्म मकतूब का ट्रेलर जारी, रुबीना दिलैक भी आएंगी नजर

पिछली बार राजपाल यादव फिल्म बेबी जॉन में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

आने वाले दिनों में राजपाल एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म मकतूब को लेकर चर्चा में हैं। रुबीना दिलैक भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने मकतूब का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।

पारिवारिक ड्रामा फिल्म मकतूब के निर्देशन की कमान पलाश मुच्छल ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। लिलिपुट, आकाशदीप साबिर, मुश्ताक खान, सबीरा कुरेशी, स्वस्ति मेहता और अहिदा सरमई जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में जाने-माने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा मेहमान की भूमिका निभाएंगे।

# गर्मियों के दौरान अपने लिपस्टिक कलेक्शन में शामिल करें ये 5 शेड

गर्मियों के दौरान लिपस्टिक का चयन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना और नमी के कारण लिपस्टिक के शेड बदल सकते हैं।

हालांकि, अगर आप अपनी लिपस्टिक कलेक्शन में सही शेड शामिल करें तो इस समस्या से बच सकते हैं।

आइए आज हम आपको पांच ऐसे लिपस्टिक शेड के बारे में बताते हैं, जो न केवल इस मौसम के लिए सही हैं, बल्कि आपको गर्मियों में भी स्टाइलिश लुक देंगे।



कोरल शेड लिपस्टिक

कोरल लिपस्टिक गर्मियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है क्योंकि यह आपके होंठों को एक अच्छा लुक देती है।

यह शेड न केवल आपके चेहरे की रंगत को निखारता है, बल्कि आपको एक ताजगी भरा और युवा दिखाता है।

कोरल शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।

इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी।

रेड शेड लिपस्टिक

रेड शेड लिपस्टिक कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती और हर मौसम में चलन में रहती है। गर्मियों में इसे लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है। रेड शेड लिपस्टिक आपके होंठों को एक चमकदार और बोल्ड लुक देती है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। इस शेड का चयन करके आप गर्मियों में भी बेहद खूबसूरत लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

फूशिया शेड लिपस्टिक

फूशिया शेड लिपस्टिक एक ऐसा रंग है, जो आपके होंठों को न केवल चमकदार बनाता है, बल्कि पूरे चेहरे को भी ताजगी भरा लुक देता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

फूशिया शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। यह शेड गर्मियों में भी बहुत सुंदर दिखता है।

रोज शेड लिपस्टिक

रोज लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक सुंदरता से भर देता है और उन्हें नमी भी प्रदान करता है।

इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रोज शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।

न्यूड शेड लिपस्टिक

न्यूड लिपस्टिक एक ऐसा शेड है, जो आपके होंठों को प्राकृतिक लुक देता है। इस शेड का चयन करके आप हर मौके पर खास लगेंगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

न्यूड शेड लिपस्टिक लगाने से आपका लुक बेहद खास और आकर्षक लगता है, जिससे आप हर मौके पर स्टाइलिश और आत्मविश्वासी महसूस करती हैं।

# नाक के मुंहासे से हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को आजमाएं

नाक के मुंहासे एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। ये मुंहासे न केवल असुविधाजनक होते हैं, बल्कि चेहरे की सुंदरता को भी प्रभावित करते हैं।



इस लेख में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनसे आप नाक के मुंहासों से राहत पा सकते हैं और अपने चेहरे को साफ-सुथरा रख सकते हैं।

इन नुस्खों को अपनाकर आप आसानी से इन समस्याओं का सामना कर सकते हैं।

खाने का सोडा का इस्तेमाल करें खाने का सोडा एक असरदार सामग्री है, जो आपकी नाक के मुंहासों को कम करने में मदद कर सकती है।

इसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे प्रभावित क्षेत्र पर हल्के हाथों से लगाएं। 5-10 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और मुंहासों को कम करने में मदद करती है। नियमित उपयोग से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा जेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो नाक के मुंहासों को कम करने में मदद करता है। एलोवेरा में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो सूजन को कम करते हैं और त्वचा को ठंडक पहुंचाते हैं।

इसे रोजाना रात को सोने से पहले अपनी नाक पर लगाएं और सुबह उठकर धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहेगी।

यह उपाय न केवल असरदार है, बल्कि त्वचा को पोषण भी देता है।टी ट्री तेल का प्रयोग करें

टी ट्री तेल एक में जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो नाक के मुंहासों को कम करने में सहायक हो सकते हैं।

लाभ के लिए इसे रूई पर लेकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर चेहरे को साफ पानी से धो लें। यह उपाय त्वचा को ताजगी देता है और मुंहासों को कम करने में मदद करता है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहेगी। नींबू का रस लगाएं

नींबू का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो त्वचा की सफाई करता है और मुंहासों को कम करता है।

लाभ के लिए एक कप पानी में नींबू का रस मिलाकर रूई की मदद से प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह प्रक्रिया त्वचा की गंदगी को साफ करती है और नमी प्रदान करती है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनी रहती है।

शहद का उपयोग करें

शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जो त्वचा को नरम बनाता है और मुंहासों को कम करता है।

# शब्द सामर्थ्य - 029


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 028 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | बा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | याँ | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में रात राघवेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी राजघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है रात लगभग 8 बजे घर के सामने टहल रहा था तभी पौड़ी तिराहा तरफसे पैदल आ रहे गांव का जितेन्द्र उर्फभल्ला लोधी उसके पास आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो जितेन्द्र उर्फभल्ला गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर गर्दन, पीठ, हाथ में चोटें पहुँचा दीं तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।



# फ्लाईओवर निर्माण को लेकर सालों से बातें सिर्फ झूठी घोषणा -ताहिर अली



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सबसे पुराने फैलाई ओवर के निर्माण को 2019-20 में प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने स्वीकृति दे दी था उस समय तत्कालीन मंत्री श्री लखन घनघोरिया के द्वारा स्वीकृत कराया गया था वो घमापुर से रद्दी चौकी मार्ग में यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकाल में पांच साल पहले इस मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण स्वीकृत किया था। लेकिन सरकार बदलने से प्रोजेक्ट को अटका दिया गया। राजनीति न कर क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए मार्ग में फ्लाईओवर का निर्माण किया जाना चाहिए आज सैय्यद ताहिर अली सदन में एक प्रस्ताव आना चाहिए कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगांव मै जिस तरीके से खौफनाक और जघन्य हत्या कांड को अंजाम दिया है उसने इंसानियत के जिस्म पर वो जख्म लगाए है उससे उबरने मै सालों लगेगे !! उससे उबरने मै सालों लगेगे जम्मू कश्मीर पहलगांव मै जिस तरीके से 27 भारतीय को बेरहमी से हत्या की गई उसने पूरी इंसानियत को शर्मशार किया है जम्मू कश्मीर के पहलगांव पाकिस्तान स्थित क्क्र्य के अंकवादियों ने जो जघन्य हत्याकांड किया है उससे हर भारतीय के दिल में दुख है और हर भारतीय के दिल में गुस्सा है इस दुख की घड़ी में हर भारतीय एक सात खड़ा है मै सदन में यह मांग करता हूं की हमें यहां एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पास कर केन्द्र सरकार को देना चाह?ये..

जिसमें यह कहा जाए की

हम पहलगाम के जघन्य आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों, उनके संगठन और उन संगठनों की फंडिंग और फीडिंग करने वालों के मुकम्मल खात्मे की मांग करते हैं.

प्रस्ताव में बताया जाएगा..

हम, पूरा सदन और पूरी संस्कारधानी भारत सरकार के हर उस कदम के साथ मजबूर दीवार की तरह खड़ी होगी, जो आतंक के खात्मे के लिये उठाया जाएगा.

अध्यक्ष महोदय दुनिया जानती है की, आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से भारत में आते हैं और आतंक मचाते हैं. संयुक्त राष्ट्र संघ मानता है की पाक अधिकृत कश्मीर जिसे पीओके भी कहते हैं, भारत का अभिन्न अंग है. पूरा एशिया जानता हैकी पाक अधिकृत कश्मीर में रहने वाले 99 फीसद लोग खुद को भारतीय मानते हैं और भारत के साथ मिलना चाहते हैं.. जिन्हें पाक आर्मी ने बंदूक की नोक पर गुलाम बना रखा है.

अध्यक्ष महोदय मेरा मानना है की अब वक्त आ गया है की पाक अधिकृत कश्मीर पर हमला करके उसे भारत का हिस्सा बना दिया. मेरा मानना है की यही आतंकवाद के मुकम्मल खातमे और सफाए का एक मात्र समाधान है. जिस दिन पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बनेगा.. उस दिन पूरा एशिया बदल जाएगाज् पोओके के भारत में मिलने के बाद .. जहां पोओके से संचालित हो रहे आतंकवाद का मुकम्मल सफाया होगा. कश्मीर और पूरे भारत में शांति आएगी.. वहीं पूरे एशिया का भूगोल बदल जाएगा.. पाकिस्तान और चीन के बीच जमीनी लिंक टूट जाएगा. भारत सीधे अफगानिस्तान की बार्डर से जुड़ जाएगा, जहां से ईरान होते हुये सीधे यूरोप तक सड़क मार्ग से अपना व्यापार कर पाएगा.

पाकिस्तान की उस दिन पूरी तरह से टूट जाएगी.. जिस दिन पीओके भारत का तिरंगा लहराएगा.. अध्यक्ष महोदय हमे यहां प्रस्ताव पारित करना चाहिये की भारत बिना देर किये पीओके पर आक्रमण करे और पीओके को हमेशा के लिये भारत का हिस्सा बनाए. यही पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रृध्दाजंलि होगी. यही पुलवामा के शहीदों को श्रृध्दाजंलि होगी. यही बीते 70 में पाक के नापाक आतंक का शिकार हुये हर इंसान को सच्ची श्रृध्दाजंलि

यही कशमीर और भारत ही नहीं..

पूरे एशिया में अमन का रास्ता बनेगा..

अंत मैं एक बार फिर दोहराते हुये, अपना स्थान लूंगा की..

हम यह प्रस्ताव पातिर करें की हम आतंक के समूल नाश के लिये भारत सरकार के द्वारा उठाए गये हर कदम के साथ मजबूती से खड़े हैं. मैं मांग करता हूं की सदन यह प्रस्ताव पारित करे की पीओके पर हमला करके उसे भारत का हिस्सा बनाया जाए

## लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

# प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें-अपर कलेक्टनर सुश्री सिंह





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपर कलेक्टेर सुश्री मिशा सिंह की अध्यकक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टगर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्हौंने सभी विभागों की सीएम हेल्परलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पोलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंकने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे, समाधान भविष्या त्मरक न रहें और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। अपर कलेक्टर सुश्री सिंह ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि माइनिंग से संबंधित शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से करें। ओव्हररलोडिंग व सड़कों में मायनिंग सामग्री गिरने से दुर्घटनाओं की संभावना रहती है, अत- इस दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही करें। प्रकरणों के निराकरण जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें। उन्हों ने कहा कि 4 मई को मुख्यरमंत्री डॉ. मोहन यादव का जबलपुर में प्रस्ताावित कार्यक्रम है, अत- सभी संबंधित अधिकारी अभी से इसकी समुचित तैयारी सुनिश्चित कर लें।

## दीपक एडवरटाइजिंग को प्रसार भारती ;आकाशवाणी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान



इंदौर- मध्यभारत की नंण् 1 क्रिएटिव और मीडिया एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को विविध भारती के मीडिया व्यवसाय में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसार भारती ;आकाशवाणीद्ध द्वारा सम्मानित किया गया।यह अवार्ड एजेंसी को लगातार दो वर्षों से दिया जा रहा है ।

उल्लेखनीय है कि दीपक एडवरटाइजिंग मध्य भारत की एकमात्र प्छैए प्रसार भारती एवं ब्ठब् द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी है और इंडियन रेलवेए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणए प्ड्ए अवंतिका गैस लिए स्प्ब् जैसे अन्य महत्वपूर्ण गवर्नमेंट क्लाइंट्स के साथ ही प्रसिद्ध कॉरपोरेट क्लाइंट्स को भी सेवाएं दे रही है।

एमडी श्री दीपक जेठा ने बताया कि एजेंसी अपनी क्रिएटिव व डेडिकेटेड टीमए उत्कृष्ट सर्विसेज और क्लाइंट्स के अटूट विश्वास के कारण सदा सफ्लता के पथ पर अग्रसर रही हैस

गत माह ही बिग एफ्एम द्वारा भी रेडियो बिज़नेस में योगदान के लिए एजेंसी को बिग इंपैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया था । अवार्ड लेते हुए श्री प्रकाश जेठा ब्रांच हेड दीपक एडवरटाइजिंग भोपाल ऑफ्सि ने भोपाल. इंदौर के सभी प्रमुख क्लाइंट्स का आभार माना । एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी सचिन उपाध्याय ने बताया कि दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी अब तक 191 नेशनल व इंटरनेशनल अवॉड्र्स अपने नाम कर चुकी हैए जिसमें 17 बार श्एजेंसी ऑफ़द ईयरष् का अवॉर्ड शामिल है ।

## यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस-नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई, अवैध अतिक्रमण हटाए गए



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर यातायात पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्रीमती सोनाली दुबे तथा उप पुलिस अधीक्षक यातायात बैजनाथ प्रजापति व श्रीमती संगीता डामोर के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही संपन्न हुई। टीम ने तैयब अली चौक से रसल चौक तक, कपूर क्रासिंग और बड़ा फुहारा क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटवाया और आम रोड पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। दुकानदारों द्वारा सड़क और पार्किंग स्थल तक फैलाए गए सामान को हटवाते हुए माइक से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे आम रास्ते पर अतिक्रमण कर व्यवसाय न करें। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट जैसे बरोंदा तिराहा, कुषनेर तिराहा, गोसलपुर तिराहा, गोसलपुर रेलवे क्रासिंग, बरगी तिराहा, खजरी खिरिया बायपास और कटंगी बायपास का एनएचएआई टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया।

## वर्तिका का 37 वाँ वार्षिक महोत्सव संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान कराता है साहित्य





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कृति और संस्कारों के साथ अतीत, वर्तमान एवं भविष्य की स्थितियों को साहित्य के माध्यम से ज्ञात किया जा सकता है। धर्म जीवन को परमार्थ से जोड़ता है तो साहित्य संस्कृति, संस्कार और धर्म के महत्व से अवगत कराता है। तदाशय के उद्गार वर्तिका के 37 वें वार्षिक महोत्सव के अवसरव पर आयोजित राष्ट्रीय अलंकरण, संगोष्ठी,काव्य पटल लोकार्पण एवं कृति विमोचन अवसर पर श्रीमाँ साध्वी विभानंद गिरी प्रज्ञापीठाधीश्वर नई दिल्ली ने कला वीथिका में व्यक्त किए।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री उमाकांत शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि साहित्य से समाज के मूल्यों एवं दृष्टिकोण की जानकारी मिलती है।

समारोह की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। आपने कहा कि समाजिक चेतना का प्रतीक होता है साहित्य।

प्रारम्भ में सरस्वती पूजन के उपरांत अपनी डांस फैमिली के कलाकारों ने भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिक्षा शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।वर्तिका के संयोजक विजय नेमा 'अनुज' ने वर्तिका की 37 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला।



वर्तिका के अध्यक्ष राजेश पाठक 'प्रवीण' ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन के साथ काव्य साधना और वर्तिका काव्य पटल के महत्व की जानकारी दी।

समारोह में इंजी. डी.सी.जैन, आचार्य हरिशंकर दुबे, मथुरा जैन, अशोक मनोध्या मंचासीन रहे। इस अवसर पर %वर्तिकायन साझा संग्रह%, राम वल्लभ गुप्ता की कृतियाँ 'कौस्तुभ' व 'कस्तूरी', संध्या अग्रवाल की कृति 'मेरा मन उपवन' एवं उर्मिला श्रीवास्तव तथा मीनाभट्ट के काव्य पटल का लोकार्पण किया गया।

इनका हुआ सम्मान-

समारोह में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से डॉ.जीनत अहसान कुरैशी मुम्बई को अलंकृत किया गया । इसके अतिरिक्त ध्रुव गुप्ता, मदनमोहन नेमा (वरिष्ठ अधिवक्ता), जनाब जमील खान, छिंदवाड़ा, डॉ. अनामिका तिवारी, सोनाबाई नामदेव, योगिता चौरसिया, मण्डला, डॉ. पंकज असाटी,मीना भट्ट (सेवानिवृत जज),नरेश जैन जोगी, इंद्रपाल सिंह गोगी, सुनीता जैन, सिद्धेश्वरी सराफ, कविता राय, डॉ. अनिल कुमार कोरी, अस्मिता शैली, बिंदिया पैगवार, डॉ. राहुल चौबे, कन्हैयालाल ताम्रकार,डॉ. सुरेंद्रलाल साहू निर्विकार, सुवीर श्रीवास्तव, अनुराधा गर्ग एवं संस्थागत सम्मान से गढ़ा रामलीला समिति, समरसता संस्था, सुप्रभातम संस्था को सम्मानित किया गया।

उक्त सम्मान स्व. साज जबलपुरी, स्व. राजेन्द्र अर्गल, स्व. राजकुमारी श्रीवास्तव,स्व. भृगुनाथ सहाय, स्व. राजकुमारी देवी सहाय, स्व. माया हरिकृष्ण त्रिपाठी, स्व.भागवती पाठक ,स्व.सिद्धनाथ सहाय ,स्व. सुनीता मिश्रा , स्व. हनुमान प्रसाद पैगवार, स्व. पुरुषोत्तम दास नेमा, स्व. राजकुमारी नायक, स्व. सावित्री देवी श्रीवास्तव , स्व. परमानन्द श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. जमालुद्दीन जमाल , स्व. देवीचरण नेमा, स्व.अमर कौर, स्व.सरदार हरदेव सिंह, स्व. राजकुमारी नायक, स्व.बृजबिहारीलाल-स्व.लक्ष्मीदेवी श्रीवास्तव की स्मृति में प्रदान किये गये।

अतिथियों का स्वागत अशोक झारिया 'शफक', प्रार्थना राजेन्द्र अर्गल, अशोक श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, डॉ.मुकुल तिवारी, यशोवर्धन पाठक, नरोत्तम मिश्रा , विनीता पैगवार , ओमप्रकाश नेमा, लखनलाल नायक, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. सलमा जमाल, ममता जबलपुरी, शिवशंकर श्रीवास्तव, द्वारा किया गया।

संचालन संतोष नेमा एवं आभार आचार्य विजय तिवारी किसलय ने व्यक्त किया। समारोह में छाया त्रिवेदी , विजय बागरी,डॉ राजेश ठाकुर,शशिकला सेन, आशुतोष तिवारी, यूनुस अदीब, रजनी कोठारी,राजीव गुप्ता,गणेश प्यासा ,सुभाष शलभ,अमरसिंह वर्मा,मनोहर चौबे,डॉ कामना कौस्तुभ,डॉ पूनम शर्मा,महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा,आलोक पाठक,कालिदास ताम्रकार का विशेष सहयोग रहा।

## मां नर्मदा की शुद्धि के लिए श्री शिव समाराधन महायज्ञ 1 मई से 7 मई 2025 तक नर्मदा जयंती प्रवर्तक स्वामी महेन्द्रानंद महाराज के सानिध्य में

### अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास इंद्रेश उपाध्याय जी करेंगे श्रीमद् भागवत कथा का वाचन



### पाटन तहसील के पवईधाम तीर्थ में होगा भव्य और दिव्य आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विश्व स्तर पर बढ़ता प्रदूषण प्राणी मात्र के लिए अतिघातक होता जा रहा है। पर्यावरण की रक्षा के बिना प्राणियों के प्राणों की रक्षा संभव नहीं है। पंच तत्व पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से ही शरीर का निर्माण हुआ है। इसलिए इन पंच तत्वों की शुद्धि आवश्यक है। यज्ञों के अनुष्ठान से पंच तत्वों की शुद्धि होती है और पर्यावरण प्रदूषण मुक्त होता है। इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये जबलपुर की पाटन तहसील के प्रसिद्ध तीर्थ पवई धाम में पवई सरकार श्री हनुमान जी की प्रेरणा एवं कृपा से उनके ही सान्निध्य में श्री शिव समाराधन महायज्ञ का अनुष्ठान 1 मई से 7 मई 2025 तक किया जा रहा है। महायज्ञ में वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य श्री इंद्रेश उपाध्याय जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का पावन रस सुधी श्रोताओं को प्राप्त होगा। प्रतिदिन प्रात: 8 से 11 बजे तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने बताया कि मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ का उद्देश्य मां नर्मदा को प्रदूषण से बचाना है। इसके लिए जन जागरण किया जाएगा, जिसमें म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. श्री मोहन यादव जी, मंत्रीगण एवं सांसद तथा विधायकगण भी उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

समितियों का किया गया गठन

समायोजक स्वामी श्री महेन्द्रानंद जी महाराज ने आयोजन समिति का गठन किया है। इसमें विदुषी ऋचा गोस्वामी (कार्यवाहक समायोजक), विधायक अजय विश्नोई जी को आयोजन का परमाध्यक्ष, श्री बलराम यादव जी को सम्पूर्ण आयोजन का प्रमुख प्रभारी, श्री हरकृष्ण पचौरी जी को अध्यक्ष, श्री सर्वेश पटेल जी मुख्य यजमान (कथा), श्री श्याममनोहर पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान एवं (कोषाध्यक्ष), जितेंद्र पचौरी (आयोजक प्रवक्ता), मदन मोहन पचौरी (मंच प्रबंधक), श्री नवनीत माहेश्वरी जी, श्री विष्णुशंकर पटेल जी, आशीष शुक्ला यश भारत, श्री रामविनय करसोलिया जी को कार्यवाहक समायोजक, ठाकुर राकेश सिंह जी को स्वागताध्यक्ष, श्री गौरीशंकर तिवारी जी, श्री ब्रजेश बादल जी को कार्यवाहक अध्यक्ष, श्री आनंद मोहन पलहा जी को महामंत्री, श्री मुकेश ठाकुर भण्डारा प्रभारी, पं. शिवशंकर तिवारी, श्री मनोज पटेल जी, श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर जी, श्री रविमोहन श्रोती, श्री राजा पटेल, श्री सोहित ठाकुर जी को मंच प्रबंधक बनाया गया है एवं बाल युवा प्रकोष्ठ से आमद पचौरी विशेष रूप से शामिल है।

## दक्षिण कोरिया के सियोल में हुआ आयोजन, देश दुनिया के विशेषज्ञ हुए शामिल, नगर के चिकित्सकों ने बढ़ाया संस्कारधानी का गौरव

# हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल को अंतरराष्ट्रीय कार्डियो कॉन्फ्रेंस में मिला बेस्ट प्रेजेंटर अवॉर्ड



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के चिकित्सकों ने दक्षिण कोरिया के सियोल में 23 से 26 अप्रैल तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस (टीसीटीएपी-2025) में सहभागिता करते हुए जबलपुर को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि यह कॉन्फ्रेंस दुनिया की चार बड़ी कार्डियो कॉन्फ्रेंस में से एक है। इसमें देश दुनिया से करीब 5 हजार विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्डियो कॉन्फ्रेंस में शहर के गैलेक्सी एवं आदित्य हॉस्पिटल के डायरेक्टर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ता चुना गया। डॉ. चंदेल ने बताया कि उन्होंने कॉन्फ्रेंस में इंडोवस्कुलर प्रोसिजर से जुड़ा केस प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने इनोवेटिव ट्रीटमेंट से मरीज की जान बचाने से जुड़ा प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि एक मरीज को ट्रॉमा के चलते किडनी आर्टरी में फ़िशचुला की समस्या हो गई थी। उसके यूरिन में लगातार ब्लड आ रहा था, जिसके कारण वो लो बीपी के साथ आदित्य हॉस्पिटल में भर्ती हुआ । ऐसे में उसकी जान को खतरा था। इस इमरजेंसी में हमने सूझबूझ के साथ परिस्थिति का सामना किया। हमने प्रोसिजर को इनोवेटिव तरीके से पूरा किया। इस तरह मरीज को नई जिंदगी मिली। अपने आप में प्रेरणादाई और एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करने वाले इस केस के प्रस्तुतिकरण के लिए बेस्ट प्रेजेंटर अवॉर्ड मिला। संस्कारधानी के लिए गर्व की बात है ।

डॉ अखिलेश दुबे ,डॉ अमितेश चतुर्वेदी,डॉ सुनील पटेल, डॉ विवेक गुप्ता,डॉ नंदन शर्मा ,डॉ पवन सोनी एवं समस्त गैलेक्सी परिवार ने डॉ चंदेल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में रात्रि सोनू रजक उम्र 24 वर्ष निवासी बदनपुर शक्तिनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बर्फका गोला का ठेला नगर निगम कार्यालय जोन 3 इंद्रानगर के सामने ठेला लगाता है दिनांक 27-4-25 की रात लगभग 10 बजे दुकान बंद करने का समय था उसने पास में बैठकर एक पैग पिया फिर अपने ग्राहक के लिये बर्फका गोला बना रहा था उसके नियमित ग्राहक अब्बू दीपक , क्रिश और लुक्कू चक्रवर्ती जो उसके ठेले के पीछे शराब पी रहे थे तभी क्रिश उसके पास आकर मिल्क शेक बनाने के लिये कहने लगा,**



# नगर निगम की बजट बैठक में जमकर हंगामा, कांग्रेस ने कहा भरपूर राशि है फिर क्यों बेच रहे धरोहरें

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में नगर निगम में बजट को लेकर आयोजित बैठक में जमकर हंगामा हुआ. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई है. बैठक के दौरान कई बार नगर निगम अध्यक्ष रिंकू बिज को आसंदी से उतरकर मामला शांत कराना पड़ा.

बजट की बैठक में हंगामा उस वक्त हुआ जब पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि अभय सिंह ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कार्यों पर चर्चा शुरु की. जिसपर विपक्ष ने सवाल उठाए तो हंगामा शुरू हो गया. सत्ता पक्ष जहां शहर में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा दे रहा था. वहीं विपक्षी कांग्रेस पार्षदों ने अपने वार्डों की उपेक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए. कांग्रेस पार्षद दल का आरोप था कि उनके वार्डों में विकास कार्यों के लिए पार्षद मद की राशि नहीं दी जा रही है. कांग्रेस



पार्षद दल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और पीडब्ल्यूडी मंत्री हजारों करोड़ रुपए शहर विकास के लिए दे रहे हैं तो बजट के दूसरे बिंदुओं में नगर सत्ता रीडेंसीफिकेशन की बात क्यों आ जाती है.

जिससे साफ है कि नगर सत्ता शहर की जमीनों को बेचकर सिर्फ 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य करा रही है. यदि शहर विकास के लिए इतना पैसा मिल रहा है तो शहर की धरोहर बेचने की क्या जरूरत पड़ रही है, जो हमारे बुजुर्गों ने धरोहर बचा कर रखी है. यदि पूर्व के प्रतिनिधियों द्वारा शहर की धरोहरों को बेचा जाता तो निश्चित तौर पर हमारे पास कोई जमीन नहीं बचती. कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि विवाद हमारी ओर से नहीं सत्तापक्ष की ओर से किया जाता है.

जब पार्षद मद की राशि की बात की जाती है तो तो राशि नहीं दी जाती है. भुगतान के मामले में भी कमीशनबाजी होती है. शहर विकास की बात करते हैं लेकिन लेकिन आए दिन ठेकेदार हड़ताल पर रहते हैं. जनता को 8-8 साल के बिल भेजे जा रहे हैं. डोर-टू-डोर व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है. सफाई कर्मियों से लेकर ठेकेदारों का बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है. पार्षद मद दिखावे में 90 लाख का है लेकिन डेढ़ से 2 साल तक पार्षद मद का भुगतान नहीं किया गया. पार्षद काम तो स्वीकृत करा लेते हैं लेकिन टेंडर का पता ही नहीं चलता. ऐसी है बजट की स्थिति. सिर्फ घोषणाएं की जाती है, बड़ी योजनाओं पर बात की जाती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है.

## 100 नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** क्राइम ब्रांच एवं थाना अधारताल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शनए एक मोबाइल फोन तथा इंजेक्शन बिक्री से प्राप्त 2520 रुपये नकद बरामद किए हैं। थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमार कुमरे ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात पैट्रोलिंग के दौरान वृंदावन गार्डन के सामने वाली गली में पुलिस को देखकर दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में भागने लगे। घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में थैला लिए



व्यक्ति ने अपना नाम संजय यादव ;35 वर्षद्ध तथा दूसरे ने प्रफुल्ल पटेल ;31 वर्षद्धए दोनों निवासी पटेल नगरए महाराजपुरए अधारताल बताया। तलाशी के दौरान संजय यादव के थैले से 50 नग फेनिरामाईन मैलेट इंजेक्शन तथा 50 नग बुप्रेनोरफिन नामक प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में संजय यादव ने खुलासा किया कि यह इंजेक्शन पनागर निवासी अभिषेक से मंगवाए थे

## पिस्टल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया गया है। थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के लूट के मामले में फरार चल रहा आरोपी रेयान उर्फ अमन सोनकर शारदा नगर पार्क के सामने पेड़ के नीचे हथियार के साथ किसी अपराध की नीयत से बैठा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रेयान उर्फ अमन सोनकर ;26 वर्षद्धए निवासी बापूनगरए रांझी बताया। उसकी तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल और एक लोडेड कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि पिस्टल हरीश राजपूत की है।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर गुंडागर्दी, विजयनगर में फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विजयनगर क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी बिना वर्दी, बिना पहचान पत्र और बिना अनुमति के घरों में जबरन घुसकर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बना रहे हैं। बिजली विभाग की टीम का उपभोक्ताओं ने विरोध किया और कर्मचारियों तथा अधिकारियों को



उल्टे पांव दौड़ा दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिना आईडी कार्ड और बिना जनता की अनुमति के इस तरह का काम किया जाना निंदनीय है। स्मार्ट मीटर के नाम पर की जा रही अवैध वसूली और तानाशाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कटंगा क्रॉसिंग पर कार सवार युवकों पर शराबी ने की पत्थरबाजी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कैंट थाना क्षेत्र के कटंगा क्रॉसिंग स्थित जिम के बाहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक नशे में धुत युवक ने कार सवार युवकों पर पत्थर बरसाए। इस घटना में दोनों युवकों को चोटें आईं और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। गोकलपुर निवासी डॉ. अंकित यादव ने बताया कि वे और उनका भाई



आशीष यादव प्रतिदिन कटंगा क्रॉसिंग स्थित जिम में व्यायाम करने जाते हैं। शुक्रवार को एक्सरसाइज के बाद जब दोनों भाई अपनी कार (क्रमांक 24 बीएच 0706 डी) से घर लौट रहे

## शराब के लिए पैसे न देने पर पिता.पुत्र ने मां.बेटी से की मारपीट जान से मारने की दी धमकी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी क्षेत्र के मस्ताना चौकए केवट मोहल्ला निवासी श्रीमती ज्योति नामदेव ;37 वर्षद्ध ने अपने पिता भीम नामदेव और भाई आनंद नामदेव के खिलाफमारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिकए दोनों आरोपी शराब के लिए पैसे मांगते हैं और मना करने पर गाली.गलौज कर मारपीट करते हैं।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि चार दिन पहले वह अपनी बीमार मां संध्या नामदेव का इलाज कराने गुजरात से जबलपुर आई थी। बीती शाम भीम और आनंद ने उससे शराब के लिए पैसे मांगे। जब ज्योति ने पैसे देने से इनकार किया तो पिता और भाई ने उसे तथा उसकी मां को गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर मारपीट कीए जिसमें आनंद ने डंडे से ज्योति के हाथ और माथे पर चोट पहुंचाई। बीच.बचाव करने आई मां के सिर में भी चोट पहुंची। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने श्रीमती ज्योति नामदेव की शिकायत पर भीम नामदेव और आनंद नामदेव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ;ठछैद्ध की धारा 296ए 115;2द्धए 119;1द्धए 351;2द्धए 3;5द्ध के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर नगर निगम कर्मचारी को मारा चाकू

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना कोतवाली क्षेत्र के झाडू मोहल्ला उपरैनगंज में देर रात एक विवाद के दौरान नगर निगम के कर्मचारी पर हमला कर दिया गया। पीड़ित मिथलेश मराठा ;39 वर्षद्ध ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार रात लगभग 2रू30 बजे वह घर पर खाना खा रहा थाए तभी सामने रहने वाला मुकुंद मराठा शराब पीने के लिए पैसे मांगने आ गया। जब मिथलेश ने पैसे देने से इंकार किया तो मुकुंद मराठा ने गाली.गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर दी और फिर छोटी चाकू से हमला कर दिया। हमले में मिथलेश के बाएं पैर की जांघ और दाहिने हाथ की उंगली पर चोटें आई हैं। घटना के बाद मुकुंद मराठा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ;ठछैद्ध की धारा 296ए 118ए 119;1द्ध और 351;2द्ध के तहत

## गढ़ा फाटक क्षेत्र में लोहिया पुल के पास पेड़ गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** आज शाम करीब चार बजे तेज बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश के दौरान गढ़ा फाटक क्षेत्र में स्थित लोहिया पुल के पास एक बड़ा हादसा हो गया। यहां अचानक एक विशालकाय पेड़ जड़ों से उखड़कर सड़क किनारे खड़ी दो से तीन गाड़ियों पर आ गिरा, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज बारिश के साथ आई तेज हवाओं ने कई पेड़ों को झकझोर दिया था। इसी दौरान लोहिया पुल के पास एक पुराना पेड़ अचानक गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से दो कार और दो दोपहिया वाहन बुरी तरह



दब गए। पेड़ गिरने के समय गाड़ियों में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।

## घरेलू गैस से वाहनों में रिफिलिंग करते युवक गिरफ्तार सिलेंडर और उपकरण जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना मदनमहल पुलिस ने लिंक रोड शराब दुकान के पास टपरिया में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से ऑटो में गैस रिफिलिंग करते एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने दबिश दीए जहां एक युवक घरेलू गैस सिलेंडरए इलेक्ट्रिक तौल कांटा और मोटर से गैस रिफिलिंग करते मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नितिन केवट ;24 वर्षद्धए निवासी बड़ी खेरमाई भानतलैयाए हनुमानताल बताया। पुलिस ने मौके से एक घरेलू गैस सिलेंडरए तौल कांटा और विद्युत मोटर जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 287 बीएनएस तथा 3ए 7 ईसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और गैस रिफिलिंग के इस खतरनाक कार्य में लिप्त अन्य लोगों की भी तलाश जारी है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र में देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। न्यू कंचनपुर निवासी आयुष विश्वकर्मा (22) ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ठेकेदारी का काम करता है। बीती रात करीब 12॰45 बजे जब वह अपने काम से घर लौट रहा था, तभी हरदौल मंदिर के पास बरगद के पेड़ के नीचे चौधरी मोहल्ला में उसकी मुलाकात मनोज चौधरी से हुई।

आयुष के अनुसार, मनोज चौधरी से उसकी पुरानी बुराई चल रही है। उसे देखते ही मनोज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब आयुष ने विरोध किया तो मनोज ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। हमले में आयुष ने बचाव करने की कोशिश की, जिससे उसके दाहिने हाथ की उंगलियों में चोटें आईं।

घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला, लेकिन मनोज चौधरी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। आयुष की शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 118(1), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जबलपुर। थाना कटंगी में राघवेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी राजघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है दिनांक 27-4-25 को रात लगभग 8 बजे घर के सामने टहल रहा था तभी पौड़ी तिराहा तरफ से पैदल आ रहे गांव का जितेन्द्र उर्फ भल्ला लोधी उसके पास आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो जितेन्द्र उर्फ भल्ला गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ मुक्कों से मारपीट कर गर्दन,

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में एक गृहस्वामी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई हैए जिसमें अज्ञात चोर उनके घर से कीमती गहने और नगदी चुरा ले गए। राजेश कुशवाहा ;45 वर्षद्धए निवासी कछपुरा गणेश नगरए ने पुलिस को बताया कि वह और उनके बच्चे तैरहवी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जब वे शाम को घर लौटेए तो देखा कि घर का मेन गेट खुला था और ताले की चाबी गायब थी। अंदर के दरवाजे का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ था और आलमारी का लाकर भी खुला पड़ा था। आलमारी में रखे पत्नी के सोने के मंगलसूत्रए चांदी की दो जोड़ी पायलए एक करधनए खुसना और 20 हजार रुपये नगद गायब थे। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# शराब कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी के रेड

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश में शराब कारोबार से जुड़े बड़े घोटाले के खुलासे के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को जबलपुर, इंदौर और भोपाल में एक साथ बड़ी कार्रवाई की। शराब कारोबारियों के घर और दफ्तरों पर छापेमारी कर ईडी ने बैंक डिटेल्स, महत्वपूर्ण दस्तावेज और कंप्यूटर हार्ड डिस्क जब्त की हैं।

**करोड़ों की शराब फर्जी चालानों से बेची**

ईडी को जांच में पता चला है कि शराब ठेकेदारों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी चालान बनाकर करोड़ों रुपए की शराब बेची है। इस घोटाले में करीब 71 करोड़ रुपये के गबन की आशंका जताई गई है।

## बैंक डिटेल और कम्प्यूटर हार्डडिस्क जब्त




**जबलपुर, इंदौर और भोपाल में एक साथ छापे**

जबलपुर में जायसवाल और चौकसे ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी हुई। साथ ही इंदौर और भोपाल में भी शराब ठेकेदारों के घर-दफ्तरों पर एक्शन लिया गया। कार्रवाई में एमजी रोड समूह के अविनाश और विजय श्रीवास्तव, जीपीओ चौराहा समूह के राकेश जायसवाल, तोपखाना समूह के योगेंद्र जायसवाल, बायपास चौराहा देवगुराड़िया समूह के राहुल चौकसे, गवली पलासिया समूह के सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**ठेकेदारों में मचा हड़कंप**

ईडी की कार्रवाई से ठेकेदारों और आबकारी विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। जबलपुर जिले में ही 130 से ज्यादा शराब दुकानें हैं, जिनका हाल ही में करीब एक हजार करोड़ रुपए का नया ठेका हुआ था।

**2017 के घोटाले से जुड़े हैं तार**


जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में इंदौर के रावजी बाजार थाना में एफआईआर क्रमांक 172/2017 दर्ज की गई थी। इसमें फर्जी बैंक चालान बनाकर शराब गोदाम से अधिक शराब उठाने और बेचने का मामला सामने आया था। 2015 से 2018 के बीच इंदौर जिला आबकारी कार्यालय में सरकारी गोदाम से शराब लेने के लिए इस्तेमाल हुए 194 चालानों में भारी गड़बड़ी पाई गई थी।

**ईडी ने मांगा वसूली का ब्योरा**

ईडी ने आबकारी विभाग से ठेकेदारों द्वारा दी गई रकम और फर्जीवाड़े के पूरे ब्योरे की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक चालानों में जोड़कर हजारों की रकम को लाखों में बदल दिया गया और उसी हिसाब से शराब की डिलीवरी गोदाम से करवाई गई।

# किन्नर की वेशभूषा में संत राघव देवाचार्य के घर पहुंचा संदिग्ध, बोला-बाबा बाहर निकल





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में संत राघव देवाचार्य के घर संदिग्ध गतिविधि से हड़कंप मच गया। संत ने पुलिस-प्रशासन को पत्र लिखकर घटना को गंभीरता से लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात पर नियंत्रण नहीं किया गया तो हालात पश्चिम बंगाल जैसे बन सकते हैं।

संत राघव देवाचार्य ने बताया कि उन्होंने 24 घंटे पहले ही पुलिस और प्रशासन को पत्र लिखकर संभावित खतरे के प्रति आगाह किया था। बावजूद इसके, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि शनिवार को एक ऑटो से 5-6 लोग पहुंचे। इनमें से एक व्यक्ति किन्नर की वेशभूषा में था, जो आश्रम के मुख्य द्वार तक आया और बाबा बाहर निकल चिल्लाते हुए दरवाजा खोलने की कोशिश करने लगा। पुलिसकर्मी को देखकर वह बहाना बनाकर वहां से चला गया।

संत ने कहा कि अगर वे धार्मिक कार्य के लिए आए होते तो सभी लोग अंदर आते। उनका व्यवहार संदिग्ध था। उन्होंने शासन-प्रशासन पर आरोप लगाया कि इतने गंभीर पत्र के बाद भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। अभी सिर्फ एक पीएसओ दिया गया है, जो मात्र 5-6 घंटे ही उपस्थित रहता है।

**बूढ़ी माता पर टिप्पणी से भड़का था विवाद**

8 अप्रैल को हनुमानताल निवासी अब्दुल मजीद ने सोशल मीडिया पर बूढ़ी माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद साधु-संतों के नेतृत्व में थाने के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ।

संत राघव देवाचार्य ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया और सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने 11 अप्रैल को अब्दुल मजीद को गिरफ्तार किया और उस पर एनएसए की कार्रवाई की गई। अब तक इस प्रकरण में संत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पांच लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है

**तीन आरोपित जेल भेजे गए**

संत राघव देवाचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने आकिब अनवर (20), मोहम्मद फैजान (21) और सलमान (19) को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 299, 296 और 351 के तहत कार्रवाई की है। न्यायालय ने तीनों को जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# शादी समारोह में जा रही 4 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मझगवां थाना क्षेत्र में विवाह समारोह में जाने के लिए घर से निकली बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया। आरोपी उसे गांव में ही अंधेरे स्थान में छोड़कर भाग गया। घटना के दौरान गांव में एक बारात आई थी। उसी विवाह समारोह में बच्ची भी शामिल होने के लिए जा रही थी। विवाह स्थल गांव में होने के कारण परिजन ने उसे तैयार कर अकेला विवाह में भेज दिया। इस दौरान यह घटना हो गई। पुलिस ने बच्ची का एल्गिन अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

मझगवां थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात को उमरिया पान से बारात आयी थी। गांव में खेत में विवाह समारोह का आयोजन चल रहा था। ग्रामीण विवाह कार्यक्रम में निमंत्रित थे। गांव की एक महिला ने अपनी साढ़े चार साल की बच्ची को तैयार किया। तैयार होते ही वह वहां जाने के लिए जिद करने लगी, तो मां ने उसे देर शाम अकेले ही घर से विवाह स्थल भेज दिया। गांव में ही विवाह स्थल होने के कारण वह निश्चिंत थी, लेकिन रास्ते में किसी अज्ञात आरोपी ने बच्ची को अकेला देखकर अपने साथ ले गया। सूनसान जगह में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। रात को लगभग आठ बजे बच्ची की दादी विवाह स्थल पर पहुंची। उन्हें बच्ची वहां नहीं दिखी। विवाह में आए गांव के लोगों से पूछा, तो किसी ने भी बच्ची को वहां नहीं देखने की बात कही। बच्ची के गायब होने से सभी घबरा हो गए। परिजन और गांव के कुछ लोग बच्ची को ढूंढने निकले। रात को लगभग 11 बजे बच्ची गांव के एक युवक के साथ दिखी। वह भयभती लग रही थी।

### शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर। थाना हनुमानताल मे सुबह मारपीट में घायल को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को इंद्रपाल चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प ने बताया कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 6 बजे वह सिंधी केम्प बाबू होटल के सामने चाय की होटल मे चाय पी रहा था तभी वहा पर टिल्लू चौधरी आकर उससे शराब पीने के लिये 50 रूपये मांगने लगा,

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999